पारा आपडेट
मैक्सिमम 25.00 | मिनीमम 12.00
सूर्यास्त (आज) 17.08
सूर्योदय (कल) 06.26
बोकारो से प्रकाशित

सेंसेक्स 78,041.59 ● निफ्टी 23,587.50 ● डॉलर 84.95 ₹ ● सोना 76,130 ₹ ● चांदी 99,000 ₹



पेज 06 किसानों की बुलंद आवाज थे...
पेज 08 स्टोन लदे सात ट्रक को खनन...
पेज 12





हिन्दी दैनिक

# झारखंड दर्शन

हर खबर पर नजर

पौष कृष्ण पक्ष अष्टमी संवत 2082

RNI No. : JHAHIN/2018/76658 | बोकारो, सोमवार 23 दिसंबर 2024 ● पृष्ठ : 12 मूल्य : 2/- रुपया ● वर्ष : 07 अंक : 170 Email : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com


## संक्षिप्त खबरें

### बांदीपुरा में हथियार व गोला-बारूद के साथ आतंकियों का सहयोगी गिरफ्तार

**जम्मू।** कश्मीर के बांदीपोरा के नदिहाल इलाके में शनिवार देर शाम आतंकियों के सहयोगी को हथियार और गोला-बारूद के साथ गिरफ्तार किया गया। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि नदिहाल में पुलिस और सेना की 14आरआर के संयुक्त नाका के दौरान एक व्यक्ति को संदिग्ध रूप से घूमते देखा गया, जब उसे चुनौती दी गई तो उसने भागने की कोशिश की। हालांकि सुरक्षा बलों ने उसे पकड़ लिया। उसकी पहचान बांदीपोरा के गुंडपोरा रामपुरा निवासी अब्दुल गनी मलिक के बेटे शोएब वसीम अहमद मलिक के रूप में हुई है, जो आतंकियों का मददगार है। उसके कब्जे से एक पिस्तौल, एक हथगोला और 15 गोलियां बरामद की गईं।

### प्रधानमंत्री कैथोलिक बिशप्स कॉन्फ्रेंस के क्रिसमस समारोह में करेंगें प्रतिभाग

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को नई दिल्ली स्थित सीबीसीआई सेंटर परिसर में कैथोलिक बिशप्स कॉन्फ्रेंस ऑफ इंडिया (सीबीसीआई) के क्रिसमस समारोह में शामिल होंगे। यह कार्यक्रम शाम 6:30 बजे से होगा। प्रधानमंत्री मोदी कार्डिनल्स, बिशप्स और चर्च के प्रमुख नेताओं सहित ईसाई समुदाय के प्रमुख नेताओं से बातचीत करेंगे। यह पहली बार है जब कोई प्रधानमंत्री भारत में कैथोलिक चर्च के मुख्यालय में इस तरह के कार्यक्रम में शामिल होगा। कैथोलिक बिशप्स कॉन्फ्रेंस ऑफ इंडिया (सीबीसीआई) की स्थापना 1944 में हुई थी। यह निकाय पूरे भारत में सभी कैथोलिकों के साथ मिलकर काम करता है।

### अमेरिकी नौसेना ने अपने ही विमान को मार गिराया

**वाशिंगटन।** अमेरिकी नौसेना ने गलती से एफ/ए-18 नामक अपने ही लड़ाकू विमान को मार गिराया है। मीडिया रिपोर्ट में अमेरिकी सेंट्रल कमांड के हवाले से यह जानकारी दी गयी है। रिपोर्ट में बताया गया है कि अमेरिकी नौसेना ने लाल सागर के ऊपर गोलीबारी में अमेरिकी नौसेना के एफ/ए-18 लड़ाकू विमान को मार गिराया गया। रिपोर्ट के अनुसार हौती लक्ष्यों पर हमले के दौरान यूएसएस हैरी एस ट्रूमैन विमानवाहक पोत के डेक से उड़ान भरने वाले एफ/ए-18 लड़ाकू जेट पर गोलीबारी की गई। रिपोर्ट में कहा गया कि हमले के बाद विमान से दो पायलट निकलने में कामयाब रहे। इनमें से से एक को मामूली चोटें आई हैं।

### पश्चिम बंगाल में संदिग्ध कश्मीरी आतंकी गिरफ्तार

**दक्षिण 24 परगना।** जम्मू कश्मीर एसटीएफ और बंगाल पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाकर दक्षिण 24 परगना जिले के कैनिंग अस्पताल मोड़ इलाके से शनिवार रात को आतंकवादी गतिविधियों में शामिल एक शख्स को गिरफ्तार किया है। रविवार को पुलिस सूत्रों ने बताया कि गिरफ्तार शख्स का नाम जावेद मुंशी है और वह मूल रूप से कश्मीर के श्रीनगर का निवासी है। आरोप है कि वह आतंकवादी संगठन तहरीक-उल-मुजाहिदीन का सदस्य है। जावेद कैनिंग अस्पताल मोड़ इलाके में अपने एक रिश्तेदार से मिलने आया था, तभी पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। जावेद से पूछताछ की जा रही है।

# प्रधानमंत्री को मिला कुवैत का सर्वोच्च सम्मान 'ऑर्डर ऑफ मुबारक अल कबीर'

एजेंसी

**नई दिल्ली।** कुवैत ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपना सर्वोच्च सम्मान 'द ऑर्डर का मुबारक अल कबीर' से सम्मानित किया। यह प्रधानमंत्री मोदी का 20वां अंतरराष्ट्रीय सम्मान है। प्रधानमंत्री मोदी और कुवैत के अमीर शेख मेशल अल-अहमद अल-जबर अल-सबाह के बीच हुई द्विपक्षीय वार्ता में दोनों देशों ने भारत-कुवैत संबंधों को 'रणनीतिक साझेदारी' पर जोर दिया।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दो दिवसीय यात्रा पर शनिवार से कुवैत के प्रवास पर हैं। यात्रा के दूसरे दिन रविवार को शीर्ष नेतृत्व के साथ वार्ता से पहले यहां प्रधानमंत्री मोदी ने कुवैत के बेयान पैलेस में कुवैत के अमीर शेख मेशल अल-अहमद अल-जबर अल-सबाह से मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने कुवैत के क्राउन प्रिंस सबा अल-खालिद अल-सबाह से भी मुलाकात की।

### हमारी दोस्ती और भी मजबूत होगी : पीएम मोदी

प्रधानमंत्री ने कुवैत में भारतीय समुदाय के कल्याण के लिए अमीर के प्रति आभार व्यक्त किया। कुवैत से संबंधों को लेकर प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीट किया, 'कुवैत के अमीर शेख मेशाल अल-अहमद अल-जबर अल सबा के साथ शानदार बैठक हुई। हमने फार्मास्यूटिकल्स, आईटी, फिनटेक, इंफ्रास्ट्रक्चर और सुरक्षा जैसे प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग पर चर्चा की। हमारे देशों के बीच घनिष्ठ संबंधों के अनुरूप, हमने अपनी साझेदारी को रणनीतिक स्तर तक बढ़ाया है और मुझे उम्मीद है कि आने वाले समय में हमारी दोस्ती और भी मजबूत होगी।' यहां कुवैती समाचार एजेंसी की महानिदेशक फातमा अल-सलेम के साथ एक साक्षात्कार में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि व्यापार, वाणिज्य कुवैत के साथ संबंधों के महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। उन्होंने कहा कि फार्मास्यूटिकल, स्वास्थ्य और प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग की काफी संभावनाएं हैं।

कुवैत ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपना सर्वोच्च सम्मान 'द ऑर्डर का मुबारक अल कबीर' प्रदान किया। यह प्रधानमंत्री मोदी का मिला 20वां अंतरराष्ट्रीय सम्मान है।

उल्लेखनीय है कि ऑर्डर ऑफ मुबारक अल कबीर कुवैत का सर्वोच्च सम्मान है। यह मित्रता के प्रतीक के रूप में राष्ट्राध्यक्षों और विदेशी संप्रभुओं तथा विदेशी शाही परिवारों के सदस्यों को प्रदान किया जाता है। इसे पहले बिल क्लिंटन, प्रिंस चार्ल्स और जॉर्ज बुश जैसे विदेशी नेताओं को प्रदान किया जा चुका है।

## कुवैत दौरा : भारत और कुवैत के बीच द्विपक्षीय वार्ता

# घनिष्ठ संबंधों को रणनीतिक साझीदारी में बदलने को दोनों देश तैयार, बनी सहमति

एजेंसी

**कुवैत सिटी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और कुवैत के अमीर शेख मिशाल अल-अहमद अल-जबर अल-सबा ने दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को रणनीतिक साझीदारी के स्तर पर ले जाने पर सहमति जताई है। इस महत्वपूर्ण बैठक में दोनों देशों के बीच सहयोग को नए आयाम देने पर चर्चा हुई। बैठक में फार्मास्यूटिकल्स, आईटी, फिनटेक, इंफ्रास्ट्रक्चर और सुरक्षा जैसे प्रमुख क्षेत्रों में साझेदारी को गहरा करने पर जोर दिया गया। दोनों नेताओं ने भारत और कुवैत के बीच घनिष्ठ संबंधों को मजबूत करते हुए इसे रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक ले जाने का फैसला किया।

प्रधानमंत्री मोदी ने इस सहयोग पर विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि यह मित्रता आने वाले समय में और भी प्रगाढ़ होगी। यह कदम भारत-कुवैत के संबंधों को आर्थिक और रणनीतिक स्तर पर नई ऊंचाई पर ले जाने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

बायन पैलेस पहुंचने पर कुवैत के प्रधानमंत्री अहमद अल-अब्दुल्ला अल-अहमद अल-सबा ने श्री मोदी की अगवानी की और फिर उनका औपचारिक स्वागत किया गया। श्री मोदी ने अमीर के साथ मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच यह पहली मुलाकात थी।



### मोदी ने कुवैत का जताया आभार

श्री मोदी ने अपने विजन 2035 को पूरा करने के लिए कुवैत द्वारा की जा रही नई पहल की सराहना की और इस महीने की शुरूआत में खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) के शिखर सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए अमीर को बधाई दी। प्रधानमंत्री ने कल अरेबियन गल्फ कप फुटबाल टूनार्मेंट के उद्घाटन समारोह में उन्हें 'विशिष्ट अतिथि' के रूप में आमंत्रित करने के लिए भी आभार व्यक्त किया।

### कुवैत ने की भारत की सराहना

कुवैत के अमीर ने प्रधानमंत्री की भावनाओं के लिए आदर जताया और कुवैत तथा खाड़ी क्षेत्र में एक मूल्यवान भागीदार के रूप में भारत की भूमिका की सराहना की। अमीर ने कुवैत विजन 2035 को साकार करने की दिशा में भारत की बड़ी भूमिका और योगदान की आशा व्यक्त की। प्रधानमंत्री ने कुवैत के अमीर को भारत आने का निमंत्रण दिया।

विदेश मंत्रालय के अनुसार दोनों नेताओं ने भारत एवं कुवैत बीच मजबूत ऐतिहासिक और मैत्रीपूर्ण संबंधों को याद किया तथा द्विपक्षीय सहयोग को और अधिक विस्तारित एवं गहन बनाने के लिए अपनी पूर्ण प्रतिबद्धता की पुष्टि की। दोनों नेता इस संदर्भ में, द्विपक्षीय संबंधों को 'रणनीतिक साझीदारी' तक बढ़ाने पर सहमत हुए।

प्रधानमंत्री ने कुवैत में दस लाख से अधिक मजबूत भारतीय समुदाय की भलाई सुनिश्चित करने के लिए अमीर को धन्यवाद दिया। अमीर ने कुवैत के विकास में बड़े और जीवंत भारतीय समुदाय के योगदान की सराहना की।

# अपराध की योजना बनाते छह गिरफ्तार



संवाददाता

**गिरिडीह।** आपराधिक योजना बनाते छह अपराधियों को गिरिडीह पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियो के पास से पुलिस ने दो पिस्तौल, एक बाइक, दो मोबाइल, और सिम कार्ड भी जब्त किया है।

रविवार को एसपी डॉक्टर विमल कुमार ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि जिन छह अपराधियों को पकड़ा गया है। इनमें तीन अपराधी समीर अंसारी,मो मेराजुद्दीन अंसारी उर्फ राजा, फणीभूषण साहू और शिबू साहू ने कुछ दिनों पहले ही बिरनी थाना इलाके के बिराजपुर जाने वाले रास्ते में एक बाइक सवार से हथियार के बल पर लूट की घटना को अंजाम दिया था। इस घटना को अधिक दिन हुए है। इस बीच शनिवार की देर रात इनके सहयोगी रेहान अंसारी और रिजवान अंसारी सभी मिलकर बिरनी थाना इलाके के बरमसिया कोडरमा मेन रोड के धुज्जी जंगल में किसी बड़े अपराध की योजना बना रहे थे। इसी दौरान एसडीपीओ धनंजय राम को गुप्त सूचना मिलने के बाद एसपीओ धनवार राजेन्द्र प्रसाद सहित तीन थाना प्रभारियों ने जंगल की घेराबंदी कर छापेमारी कर सभी अपराधियों को पकड़ा।

पूछताछ में इन अपराधियों ने कबूला कि वे लोग एक बड़े घटना को अंजाम देने के लिए जंगल में जुटे थे। गिरफ्तार किए गए सभी छह अपराधियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने सभी के खिलाफ आर्म्स एक्ट सहित अन्य धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस इस मामले में और जानकारी जुटाने के लिए आगे की जांच कर रही है।

# युवक की हत्या मामले में सात गिरफ्तार

संवाददाता

**गिरिडीह।** चाकू मारकर युवक की हत्या करने के मामले में गिरिडीह पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए रविवार को मुख्य आरोपित सहित सात लोगों को गिरफ्तार किया है।

बताया गया कि बीते मुफस्सिल थाना क्षेत्र थाना क्षेत्र के चिलगा गांव के पास कल शनिवार शाम में कबीरबाद कॉल माइंस में ब्लास्टिंग दौरान आउटसोर्सिंग कम्पनी के कर्मी और कुछ अन्य लोगों के जरिये माइंस के पास घूमने आए बाइक सवार कुछ युवकों को हटने को कहा इसपर बाइक सवार युवकों ने आक्रोशित होकर दामोदर यादव सहित अन्य लोगों से गाली-गलौज करने लगा । थोड़ी देर बाद करीब एक दर्जन युवक पहुंचे और घर के बाहर बैठे दामोदर गोप (35) पर चाकू से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया, जिससे इलाज के क्रम में दामोदर गोप की मौत हो गई । पुलिस ने कार्रवाई करते हुए इस कांड को अंजाम देने वाले और दामोदर के पेट में चाकू मारने वाले मुख्य आरोपित को भी गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त की गिरफ्तारी उस वक्त की गई जब वह जिले से भागने के फिराक में था। मुख्य अभियुक्त के पास से हमले में इस्तेमाल चाकू को भी बरामद कर लिया गया है। बताया गया कि मुख्य आरोपित मो तौफिक पुराना अपराधी है और हाल के दिनों में ही जेल से छूटा है। एसडीपीओ जीतवाहन ने बताया कि घटना की सूचना के बाद से लगातार कार्रवाई हो रही है। टीम छापेमारी कर रही है। सात लोगों को गिरफ्तार किया किये गये। इनमें मुख्य आरोपित को चाकू के साथ गिरफ्तार किया गया है। अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

# देवी अहिल्याबाई होल्कर इंदौर बना देश का पहला जीरो वेस्ट एयरपोर्ट

एजेंसी

**इंदौर।** मध्य प्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर का देवी अहिल्याबाई होल्कर एयरपोर्ट अब देश का पहला जीरो वेस्ट एयरपोर्ट बन गया है। अब यहां से निकलने वाले गीले एवं सूखे कचरे का निस्तारण एयरपोर्ट पर ही हो सकेगा। नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू किंजारापू ने रविवार को यहां 55 करोड़ रुपये की लागत से नए एटीसी भवन एवं फायर सेफ्टी भवन का लोकार्पण किया।

● केन्द्रीय मंत्री नायडू ने किया फायर सेफ्टी भवन और गार्बेज प्लांट का लोकार्पण



इस दौरान सांसद शंकर लालवानी ने नागरिक उड्डयन मंत्री से इंदौर के लिए तीन मांगें भी रखी। उन्होंने कहा कि देवी अहिल्याबाई होल्कर एयरपोर्ट को इंटरनेशनल एयरपोर्ट बनाया जाए। देवी अहिल्याबाई होल्कर एयरपोर्ट इंदौर से अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए ई-टाइप एयरक्राफ्ट की लैंडिंग जरूरी है और इसके लिए रनवे की लंबाई बढ़ाई जानी चाहिए। इंदौर में हवाई यात्री लगातार बढ़ रहे हैं इसलिए नई टर्मिनल बिल्डिंग की भी आवश्यकता है।

केंद्रीय मंत्री नायडू ने मंच से ही सांसद लालवानी की तीनों मांगों को मंजूरी दी। सांसद लालवानी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि इंदौर की तीनों मांगों को मंजूरी प्रदान की है। हम इंदौर एयरपोर्ट को आगामी 50 सालों को ध्यान में रखकर तैयार कर रहे हैं।

नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू किंजारापू ने सांसद लालवानी की प्रशंसा करते हुए कहा कि कोई भी सांसद इतनी बार मुझसे नहीं मिला, जितनी बार लालवानी मुझसे मिले और इंदौर एयरपोर्ट के विकास के बारे में मुझसे चर्चा कर चुके हैं।

इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री सावित्री ठाकुर, नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, इंदौर महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक महेंद्र हार्डिया, भाजपा संगठन के वरिष्ठजन, एयरपोर्ट ऑथोरिटी के अधिकारी तथा गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

**समारोह** भारतीय रेलवे के 69वें अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार में मिली उपलब्धि

# पूर्वोत्तर रेलवे ने रचा इतिहास, तीन प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित

एजेंसी

**वाराणसी।** पूर्वोत्तर रेलवे ने भारतीय रेलवे के 69वें अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार समारोह में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से नई पहचान बनाई है। समारोह में पूर्वोत्तर रेलवे ने तीन प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त कर कार्यक्षमता को प्रमाणित किया है। भारत मंडपम नई दिल्ली में आयोजित इस समारोह में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने पूर्वोत्तर रेलवे की महाप्रबंधक सौम्या माथुर को 'गोविंद वल्लभ पंत शील्ड', 'संरक्षा शील्ड', और 'रेल मदद शील्ड' से सम्मानित किया। इन पुरस्कारों ने न केवल पूर्वोत्तर रेलवे की कार्यक्षमता को प्रमाणित किया बल्कि महाप्रबंधक सौम्या के नेतृत्व की भी सराहना की। पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल के जनसम्पर्क अधिकारी ने यह जानकारी दी।



बताया गया कि 'गोविंद वल्लभ पंत शील्ड' पूर्वोत्तर रेलवे को सभी क्षेत्रों में समग्र प्रदर्शन के लिए दी गई, जबकि संरक्षा के क्षेत्र में उच्चतम मानकों को बनाए रखने के लिए 'संरक्षा शील्ड' प्रदान की गई। यात्रियों की शिकायतों के त्वरित और प्रभावी समाधान के लिए 'रेल मदद शील्ड' भी पूर्वोत्तर रेलवे के खाते में आई। महाप्रबंधक सौम्या माथुर के नेतृत्व में वाराणसी मंडल के वरिष्ठ वाणिज्य प्रबंधक एस.एस. रहमान ने 13.82 करोड़ रुपये की संड्री आय, 1.52 करोड़ रुपये की विज्ञापन आय, और 5.5 करोड़ रुपये की कैटरिंग आय अर्जित कर उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कीं। गोरखपुर के वरिष्ठ कोचिंग डिपो अधिकारी बलराम ने कोचिंग डिपो में तकनीकी सुधार लागू कर कोच व्हील शेलिंग में 30 फीसदी और स्प्रिंग ब्रेकेज में 40फीसदी की कमी की। इसके अतिरिक्त, ज्ञानपुर रोड स्टेशन के टेक्नीशियन मिथुन कुमार ने फील्ड गियर के शत-प्रतिशत अनुरक्षण से अपनी कार्यक्षमता का परिचय दिया, जबकि हरदतपुर रेलवे स्टेशन के रेल पथ अनुरक्षक प्रिन्स कुमार कन्नौजिया ने संरक्षा नियमों के अनुपालन में अनुकरणीय प्रदर्शन किया।

### रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने उपलब्धियों को सराहा

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इन उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि पूर्वोत्तर रेलवे का यह प्रदर्शन भारतीय रेलवे के अन्य मंडलों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। महाप्रबंधक सौम्या माथुर ने पुरस्कार प्राप्त करते हुए इसे पूरे पूर्वोत्तर रेलवे परिवार की मेहनत और समर्पण का परिणाम बताया। इन पुरस्कारों ने पूर्वोत्तर रेलवे को न केवल गोरखपुर बल्कि पूरे देश में गौरवान्वित किया है। महाप्रबंधक सौम्या माथुर के नेतृत्व में पूर्वोत्तर रेलवे का यह ऐतिहासिक प्रदर्शन भविष्य में भी नई उपलब्धियों की नींव रखेगा।

# प्रधानमंत्री मोदी आज 71 हजार युवाओं को सौंपेंगे नियुक्ति पत्र

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार सुबह करीब 10:30 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नवनियुक्त भर्तियों के लिए 71 हजार से अधिक नियुक्ति पत्रों का वितरण करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री संबोधित भी करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय से जारी एक बयान में कहा गया कि रोजगार मेला रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में एक कदम है। यह युवाओं को राष्ट्र निर्माण और आत्म-सशक्तिकरण में उनकी भागीदारी के लिए सार्थक अवसर प्रदान करेगा।

● देशभर में 45 स्थलों पर आयोजित रोजगार मेलों को वर्चुअली करेंगे संबोधित



रोजगार मेला देशभर में 45 स्थलों पर आयोजित किया जाएगा। केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों के लिए भर्तियां हो रही हैं। देशभर से चयनित नए कर्मचारियों को गृह मंत्रालय, डाक विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, वित्तीय सेवा विभाग सहित विभिन्न मंत्रालयों व विभागों में नियुक्त होंगे।

हिन्दी दैनिक
झारखंड दर्शन
बोकारो, सोमवार 23 दिसंबर 2024



E-mail : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

## संक्षिप्त खबरें

### शराब के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार

**रांची।** रेलवे पुलिस बल (आरपीएफ) ने रांची रेलवे स्टेशन से शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरपीएफ निरीक्षक ने रविवार को बताया कि रांची मंडल के आरपीएफ कमांडेंट पवन कुमार के निर्देश पर ऑपरेशन सतर्क के तहत शराब तस्करों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम मे आरपीएफ पोस्ट रांची एवं फ्लाइंग टीम रांची रेलवे स्टेशन रांची के पार्सल ऑफिस के पास एक संदिग्ध को भारी बैग के साथ घूमते पाया। संदेह होने पर उसके बैग की जांच करने पर शराब बरामद हुई। उसने अपना नाम शंभू कुमार बताया। वह बिहार के पटना के अगमकुआं का रहने वाला है। आरोपित ने बताया कि वह गाड़ी संख्या 18624 से पटना में अधिक दामों पर शराब बेचने जा रहा था। गिरफ्तार व्यक्ति और पकड़ी शराब को उत्पाद विभाग को कार्रवाई के लिए सौंप दिया। जब्त शराब की कीमत 7400 रुपये आंकी गई है।

### 25 को होगा तुलसी पूजन

**रांची।** हिंदू जागरण रांची महानगर की बैठक रविवार विशालाक्षी बैंक्वेट हाल में आयोजित की गई। जहां इस वर्ष भी 25 दिसंबर को तुलसी पूजन सह स्नेह मिलन समारोह मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में महानगर अध्यक्ष निशांत चौहान ने की। बैठक में प्रदेश संयोजक ऋषिनाथ शाहदेव, हिंदू जागरण मंच के वरिष्ठ कार्यकर्ता प्रदेश पदाधिकारी सुजीत सिंह ने कहा की हिंदू जागरण मंच करीब 20 वर्षों से तुलसी पूजन सिलसिले स्नेह मिलन समारोह करता आ रहा है। जो हिंदू समाज के लिए एक गौरव की बात है इसके माध्यम से सभी नए पुराने कार्यकताओं को एवं सभी संगठन के लोगों को इस कार्यक्रम में आमंत्रित करता है और एक साथ मिलकर उत्सव मनाते हैं और अतिथियों को तुलसी वृक्ष देकर सम्मानित किया जाता है। नशांत चौहान, राकेश कर्ण,सोनू कुमार चंदन मिश्रा, निशांत यादव, चंदन सिंह, अनीश वर्मा, विवेक प्रताप सिंह,आशुतोष पांडे, अभिजीत मिश्रा, किशन झा, अनमोल सिंह, विक्की शर्मा, सोनू भारद्वाज, अर्पित सिंह, अरविंद गुप्ता, अनुभव कुमार, रवि चौधरी, सुनील बरनवाल, विष्णु चौरसिया सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### बच्चों ने दी डांस की बेहतरीन प्रस्तुतियां

**रांची ।** राजधानी के जय डांस एकेडमी का 19 वां वार्षिकोत्सव समारोह बिशु पैलेस में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का थीम जश्ने डांस द फ्यूजन 2024 पर आधारित रहा। इसमें सभी बच्चों ने वेस्टर्न सॉन्ग पर इंडियन डांस और इंडियन सॉन्ग पर वेस्टर्न डांस का फ्यूजन का तड़का लगाया। बच्चों ने स्वरों को सालसा, रिटरो, गरबा,महाराष्ट्रीयन, पंजाबी, धमाल और पहाड़ी डांस द्वारा प्रस्तुत कर खुशियों का संदेश दिया। डायरेक्टर जय सोनी ने सभी का स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप-प्रज्जवलन व गणेश वंदना से हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद आदित्य साहू थे। उन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए उपस्थित अतिथियो, आभिवावकों और विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर बेस्ट डांस अवॉर्ड, बेस्ट एक्सप्रेशन अवार्ड जूनियर मीडियम और सीनियर सेक्शन में बच्चों को दिया गया। जय डांस एकेडमी का स्टूडेंट ऑफ द ईयर छात्रा महक को सम्मानित किया गया कार्यक्रम का इस अवसर पर बद्री विशाल सोनी ,पारस सोनी, विजय आनंद सोनी ,अजय सोनी, राम मनोज, कार्तिक महतो, महावीर महतो आदि मौजूद रहे।

### झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज जिला कमेटी के अध्यक्ष बने राजेश शर्मा

**रांची।** झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज जिला कमेटी का चुनाव श्री जगत गुरु विश्वकर्मा मंदिर में सम्पन्न हुआ। इसमें प्रवेक्षक के तौर पर नुनूलाल विश्वकर्मा, गुप्तेश्वर शर्मा की देखरेख में चुनाव सम्पन्न हुआ। इसमें जिला अध्यक्ष राजेश शर्मा,जिला कार्यकारी अध्यक्ष, कृष्णा शर्मा, जिला महासचिव अरविंद कुमारजिला कोषाध्यक्ष दिलीप विश्वकर्मा का चयन निर्विरोध हुआ। इस मौके पर पूर्वी पश्चिमी जोन विश्वकर्मा जीवन कल्याण समिति के संस्थापक अखिलेश शर्मा, ,संजय कुमार शंकर विश्वकर्मा संतन शर्मा, दिलीप शर्मा, जय प्रकाश शर्मा,रामजतन शर्मा,मनबोध शर्मा,संजय शर्मा, विशाल शर्मा के अलवा कई अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### एबीवीपी झारखंड के 25वें प्रदेश अधिवेशन का उद्धघाटन करेंगे राज्यपाल

**रांची।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) झारखंड प्रदेश का 25वां तीन दिवसीय प्रदेश अधिवेशन कोयला नगरी धनबाद में आयोजित होने जा रहा है।यह आगामी तीन, चार और पांच जनवरी 2025 तक चलेगा। इस अधिवेशन का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार करेंगे। साथ ही विशिष्ट अतिथि के तौर पर सुप्रसिद्ध भोजपुरी गायक और सांसद मनोज तिवारी एवं विद्यार्थी परिषद की राष्ट्रीय मंत्री क्षमा शर्मा सम्मिलित होंगी। प्रदेश मीडिया संयोजक गुड्डू राय ने रविवार को बताया कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के तीन दिवसीय प्रदेश अधिवेशन में राज्य के प्रत्येक जिले एवं शैक्षणिक संस्थानों से 1000 छात्र , छात्राएं , शिक्षाविद एवं प्राध्यापक कार्यकर्ता सहभागी होने धनबाद पहुंचेंगे । उन्होंने बताया कि इस अधिवेशन के निमित्त गोविंदपुर में स्थित के के पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में एक अस्थायी नगर क्रांति सूर्य बिरसा मुंडा के नाम पर बसाया जाएगा। जहां पर उद्धघाटन समारोह के साथ-साथ संस्कृतिक कार्यक्रम , प्रस्ताव सत्र इत्यादि कार्यक्रम होंगे।

### परिसंपत्ति लाभुकों में की गयी वितरित



**रांची।** झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायामूर्ति-सह-कार्यपालक अध्यक्ष, झालसा, सुजित नारायण प्रसाद के दिशा-निर्देश तथा न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष डालसा, रांची के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची द्वारा रविवार को कानूनी सेवा-सह-सशक्तिकरण शिविर का आयोजन रांची जिला के सभी 18 ब्लॉकों में सम्पन्न हुआ जिसमें श्रम विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, शिक्षा विभाग, समाज कल्याण विभाग, कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, कौशल विकास विभाग, सामाजिक सुरक्षा विभाग, मनरेगा एवं अन्य सरकारी विभागों की लाभकारी योजनाओं की सहायता परिसंपत्ति के रूप में लाभुकों में वितरित की गयी तथा सरकार के विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी गयी। ज्ञात हो कि अनगड़ा, बेड़ो, बुण्डू, बुड़मू, ईटकी, कांके, खेलारी, मांडर, नगड़ी, नामकूम, ओरमांझी, राहे, रातू, सोनाहातू एवं तमाड़ ब्लॉक में कानूनी सेवा-सह-सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया और लाभूकों के बीच परिसंपत्ति का वितरण किया गया। ओरमांझी ब्लॉक में जिला स्तरीय विधिक सेवा-सह-सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि मिथलेश कुमार, अपर न्यायायुक्त-6-सह-विशेष न्यायाधीश (एफटीसी) थे। उन्होंने कहा कि झारखंड पीड़ित प्रतिकर स्कीम के संबंध में विस्तृत जानकारी दिये एवं पीड़ित पुनर्वास हेतु विधिक सेवा प्राधिकार, रांची का कार्य के विषय में बताया। डालसा सचिव कमलेश बेहरा ने जागरूकता कैंप का मुआयना किया एवं उपस्थित लोगों को जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची से मिलनेवाली सुविधाओं के बारे में जानकारी दी।

# बड़े बाप ने भतीजी से किया रेप-हत्या

संवाददाता

**रांची।** नादान मासूम बच्चियों से रेप घटनाएं तो तो पहले भी घटी हैं लेकिन सगा बड़ा भाई छोटे भाई की बच्ची के साथ ना सिर्फ रेप करने बल्कि उसका मर्डर भी कर देने की एक पहली घटना सामने आयी है। गुमला जिले के सिसई थाना क्षेत्र के ग्राम डाढ़हा में दस साल की एक मासूम बच्ची को हवश का शिकार बनाने के बाद उसकी रस्सी से गला घोंट कर मर्डर कर दी गयी, और बच्ची की लाश को उसके घर के दरवाजे के बाहर फेक दिया गया। बाद में शाम से लापता बच्ची को ढूंढ रहे ग्रामीणों की नजर दरवाजे पर पड़ी बच्ची की लाश पर पड़ी, उसके बाद गांव में कोहराम मच गया,गांव वाले काफी उग्र हो गये और हत्यारे का पता लगा कर सजा देने पर

**शव को छोटे भाई के दरवाजे के बाहर फेक भागा**

**उसके बिस्तर से मिले सबूतों के आधार पर पुलिस ने आरोपी को दबोचा**



उतारु हो गये। बाद में घटना की जानकारी पर सिसई थाने की पुलिस ने परिजनों के बयान पर बच्ची के बड़े पिता फिलमोन एक्का को गिरफ्तार कर लिया।

जानकारी के मुताबिक मृतका 10 वर्षीय असरिता एक्का चौथी क्लास की छात्रा थी वह शनिवार को दिन में अपने बड़े पिता फिलमोन एक्का के साथ बकरी चराने गायी थी,वहां से लौट कर शाम में वह अपनी सहेलियों के साथ खेल रही थी उसके माता पिता खेत से पुआल ढोने में लगे थे, उसी दौरान फिलमोन किसी बहाने बच्ची को अपने घर में बुला लिया और उसके साथ रेप किया फिर पकड़े जाने के डर से वह रस्सी से असरिता का गला घोंट दिया उसके बाद रात आठ बजे चुपके से शव को उसके दरवाजे में रख दिया।

बच्ची की जब गांव वाले खोज कर रहे थे तो आरोपी भी उनके साथ घूम रहा था, लेकिन पुलिस की तफ्तीश में फिलमोन पर ही शक हुआ उसके बाद उसके घर की जांच की गयी जहां से पुलिस ने उसके बिस्तर से बच्ची का क्लीप और चप्पल बरामद कर शक को यकीन में बदल दिया। बाद में आरोपी भी अपना जुर्म कबुल कर लिया।

### पत्नी व बेटी के छोड़ने के बाद से वह साईको है: डीएसपी

घटना के संबंध में गुमला के डीएसपी सुरेश कुमार यादव ने बताया कि आरोपी फिलमोन की बुरी आदतों की वजह से उसकी पत्नी व बेटी घर छोड़ कर चली गयीं, उसके बाद से फिलमोन अकेला ही घर पर रहता था, उसके बाद से वह साईको हो गया, वह गांव की दूसरी लड़कियों के साथ भी गलत हरकत करता रहता था,जिसकी जानकारी गांव के लोगों को थी।

### आरोपी पहले से है गंदी नजर का

ग्रामीणों के मुताबिक आरोपी फिलमोन पहले से बुरी नजर का व्यक्ति रहा है। इन्हीं सब वजहों से उसकी पत्नी और बेटी उसे छोड़ कर चली गयीं हैं। उसकी बड़ी बेटी को भी अपने पिता के हरकत की जानकारी थी। गांव के लोग भी उसे बुरा समझते थे।

# राजधानी के घरों का सर्वे करेगा रांची नगर निगम

वरीय संवाददाता

**रांची।** रांची नगर निगम अगले साल जनवरी माह से शहर के सभी घरों का सर्वे शुरू करेगा। सर्वे के दौरान निगम यह देखेगा कि किन आवासीय भवन का उपयोग व्यवसायिक भवन के रूप में किया जा रहा है। फिर ऐसे भवनों से निगम व्यवसायिक होल्डिंग टैक्स लेगा। इस संबंध में नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने नगर निगम में बैठक की थी। मंत्री ने निगम ने अधिकारियों से कहा था कि शहर जितना बड़ा है, उस हिसाब से निगम को राजस्व नहीं मिल रहा है। ऐसे में निगम शहर के भवनों का सर्वे कर देखे कि किन भवनों द्वारा टैक्स की चोरी की जा रही है।

● सर्वे के दौरान निगम यह देखेगा कि किन आवासीय भवन का उपयोग व्यवसायिक भवन के रूप में किया जा रहा है। फिर ऐसे भवनों से निगम व्यवसायिक होल्डिंग टैक्स लेगा





### लॉज, हॉस्टल, दुकान से लेकर किरायेदार की जानकारी लेगा निगम

आपके मकान में अगर कोई दुकान या लॉज व हॉस्टल का संचालन किया जा रहा है या फिर आपने घर में किसी किरायेदार को रखा हुआ है, तो संबंधित प्रोपर्टी का निगम व्यवसायिक होल्डिंग लेगा। इसके लिए निगम की टीम रेंडमली किसी भी घर का सर्वे करेगी। इस दौरान मकान मालिक से पूछताछ के अलावा आसपास के लोगों से भी जानकारी ली जायेगी।

### अब तक 64 भवनों को निगम ने भेजा नोटिस

टैक्स चोरी को लेकर नगर निगम ने अब तक 64 भवनों को नोटिस जारी किया है। इन सारे भवनों का होल्डिंग टैक्स निगम में आवासीय के रूप में जमा होता है, लेकिन इसका व्यवसायिक उपयोग किया जा रहा है। निगम के टैक्स कलेक्टरों द्वारा भी जांच में इस बात को प्रमाणित किया गया है। नतीजा निगम ने सभी भवनों के मालीक को नोटिस कर एक सप्ताह में जवाब मांगा है।

### अब तक 60 करोड़ की वसूली, 83 करोड़ का लक्ष्य

वित्तीय वर्ष 2024-25 में रांची नगर निगम ने होल्डिंग टैक्स के मद में 83 करोड़ रुपये वसूली का लक्ष्य रखा है। इसके तहत दिसंबर तक निगम द्वारा 60 करोड़ की राशि टैक्स के मद में वसूली की गयी है। निगम अब इस अंतर राशि को जल्द से जल्द प्राप्त करने की तैयारी में है।

# सीएम से तीरंदाज दीपिका कुमारी ने की मुलाकात

संवाददाता



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से रविवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में तीरंदाज खिलाड़ी दीपिका कुमारी ने मुलाकात की। उनके साथ सेंटर फोर एक्सीलेंस की कोच डी. साईश्वरी भी थीं।

मुख्यमंत्री ने तीरंदाज खिलाड़ी दीपिका कुमारी के हालिया प्रदर्शन को लेकर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। दीपिका ने मुख्यमंत्री को राज्य में तीरंदाजी क्षेत्र से सम्बंधित समस्याओं से अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने भी उन्हें आश्वस्त करते हुए कहा कि विश्व पटल पर झारखंड के खिलाड़ी तीरंदाजी के क्षेत्र में परचम लहरा रहे हैं। हमारी सरकार झारखंड के खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों को आवश्यक सभी सुविधा मुहैया करने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

# सरस खादी मेला में उमड़ा लोगों का सैलाव, जमकर लोग कर रहे खरीदारी

संवाददाता

**रांची।** राजधानी के ऐतिहासिक मोरहाबादी मैदान में चल रहे राष्ट्रीय खादी-सरस मेले के तिसरे दिन रविवार को सुबह से ही मेला परिसर ग्राहको से गुलजार हो गया था। रविवार होने की वजह राजधानी के अलावा कई आस-पास के गांव-कस्वा से लोग मेला स्थल पर पहुंचे थे। जहां लेगों ने जमकर खरीदारी की। वहीं, लोक कलाकारों ने झारखंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और शिल्पकला का अद्भुत प्रदर्शन किया।

जहां मेला में आये लोगों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का जमकर आनंद उठाया और कलाकारों की तालियां बजा-बजा कर उत्साह वर्धन किया। मेला के इस कार्यक्रम ने राज्य के कारीगरों और उद्यमियों को एक मंच प्रदान किया, जहां उन्होंने पारंपरिक मसाले, वस्त्र, जूते, आभूषण, हस्तशिल्प, पेंटिंग्स और घरेलू सजावट जैसी विविध वस्तुओं का प्रदर्शन किया गया है।

### महिलाओं को हैंडलूम साड़ियां खूब पसंद आ रही है

सरस खादी मेला में कई जगहों के लगे हैंडलूम वस्त्रों के स्टोल पर हाथ से तैयार की गई हैंडलूम साड़ियां खुब पसंद आ रही है। वहीं महिलाएं अपने पसंदिता साड़ियों की खरीदारी करते हुए। स्टोल संचालकों का हौसला भी बढ़ा रही है। स्टोल में दुमका की जादू पाटिया, हजारीबाग की हैंडलूम साड़ियां महिलाओं की पहली पसंद बनी हुई है।

### झारखंड के लजीज व्यंजन बने लोगों की पहली पसंद

खाद्य पदार्थों के स्टॉलों पर लोगों ने झारखंड के लजीज व्यंजनों का स्वाद ले रहे हैं। जहां पर लोग ठंड मे गर्मा गर्म झारखंडी व्यंजनों का जायका के स्वाद के साथ मेला का भी आनंद ले रहे हैं।

### दो सौ स्वयंसहायता समूह के स्टोल मेला में

खादी महोत्सव में राज्य के 24 जिलों के 200 स्वयंसहायता समूह भाग ले रहे हैं। 10 जिलों के स्वयंसहायता समूहों द्वारा लगाए गए पालश दीदी कैफे आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। जो स्थानीय उद्यमिता को बढ़ावा देने में इस आयोजन की भूमिका को दशार्ता है। यह महोत्सव न केवल झारखंड की सांस्कृतिक विरासत का उत्सव है, बल्कि यह राज्य के स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने का एक मंच भी है।

### वार्ड 14 में रांची सिटीजन फोरम की बैठक सह जागरूकता पदयात्रा संपन्न

# जल्द हो नगर निकाय चुनाव: दीपेश निराला

वरीय संवाददाता





**रांची।** राजधानी रांची की सबसे पुरानी बस्ती चुटिया के मंडा मैदान में रांची सिटीजन फोरम के अध्यक्ष दीपेश निराला की अध्यक्षता में स्थानीय लोगों के साथ एक बैठक संपन्न हुई।

बैठक उपरांत फोरम के सदस्यों ने मोहल्ले में घूम-घूम कर पदयात्रा कर स्थानीय लोगों से जनसंपर्क किया और उनसे खुले में कूड़े-कचरा ना फेंकने की अपील की साथ ही साथ उनको समझाया कि खुले में कचरा फेंकने से कई तरह की बीमारियों के साथ-साथ दुर्गंध और संक्रमण का खतरा बढ़ता है और गिला एवं सूखा कचरा को एक साथ मिलाकर खुले में फेंकने से गाय और कुत्ते इसको खाते हैं, जिससे प्लास्टिक भी इन जानवरों के द्वारा खाया जा रहा है और उक्त कार्यों से पर्यावरण भी प्रदूषित हो रहा है, इसलिए इसके निराकरण के लिए कूड़ा-कचरा को रांची नगर निगम की गाड़ियों को ही सुपुर्द करें। इस पर स्थानीय लोगों ने फोरम के पदाधिकारियों को बताया कि रांची नगर निगम का कूड़ा उठाने वाला ट्रैक्टर और ठेला नियमित रूप से नहीं आता है, और जो कभी-कभी आता भी है वह अपार्टमेंट वाले एरिया से और जो उनको पैसा देते हैं उनके यहां से कूड़ा का उठाव करता है, और जिन घरों से उनको पैसा नहीं मिलता है, उनके घर के सामने से ट्रैक्टर तेजी से निकल जाता है, जिससे लोग उनको कूड़ा-कचरा नहीं दे पाते हैं। **बैठक में** उमाशंकर सिंह, रेणुका तिवारी, विनोद जैन बेगवानी, विवेक कुमार, हरीश नागपाल वार्ड 14 के प्रवीण प्रसाद, राजकुमार महतो, रेखा महतो, कौशिक मेहता, राधेश्याम केसरी, सुमित कुमार महतो, सोनू ठाकुर, रवि गोप, धनंजय सिंह, मिथिलेश गोप, राजेंद्र प्रसाद खोवाल शामिल थे।

### नरेंद्र मोदी मेगा हेल्थ कैंप का हुआ आयोजन

**रांची ।** भाजपा नेता और समाजसेवी आदित्य विक्रम जायसवाल के सौजन्य से रविवार को रातु रोड खादगढ़ा स्थित चौधरी धर्मशाला में नरेंद्र मोदी मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें 321 मरीजों का हेल्थ चेकअप कर उन्हें मुफ्त दवाइयां भी दी गई। कैंप में डॉ. सिद्धार्थ कुमार एम.सी.एच. यूरोलॉजी (एम्स) एमएस (जनरल सर्जरी), डॉ. रीमा खलखो एमबीबीएस, एमएस, पीजीडीएफएम (सीएमसी वेल्लोर), डॉ. जैमेश कुमार भगत, दंत रोग विशेषज्ञ जेके भगत, डॉ. अपूर्वा बरियार बीडीएस, डॉ. राकेश अग्रवाल, करूणा ऑर्थो एंड स्पाइन, डॉ. सतीश ऑकोलॉजिस्ट, एचसीजी, कैंसर विशेषज्ञ मेदांता अस्पताल, डॉ. अवनीश सिंह, नेत्र विशेषज्ञ आइरिस सुपरस्पेशलिटी आई केयर सेंटर, डॉ. सुधीर पांडे एवम डॉ. मधुकर आनंद फिजियोथेरेपिस्ट के साथ साथ रांची सदर अस्पताल से सिविल सर्जन की टीम शामिल थी।

# पुलिस अफसरों के बच्चों की पढ़ाई के लिए 10.3 करोड़ रु. आवंटित

संवाददाता

**रांची।** राज्य के विभिन्न जिलों, इकाई और वाहिनी में पदस्थापित पुलिस अफसरों और उनके जवानों को बच्चों की पढ़ाई के लिए 10 करोड़ तीन लाख 81 हजार रुपये आवंटित किये गये हैं। यह राशि पुलिस मुख्यालय द्वारा झारखंड पुलिस शिक्षा कोष से दी गयी है। स्वीकृत राशि का भुगतान संबंधित पुलिस अफसरों और जवानों को संबंधित जिला के एसपी या कमांडेंट के माध्यम से किया जा सके, इसके लिए पुलिस मुख्यालय ने भारतीय स्टेट बैंक हटिया शाखा के प्रबंधक को पत्र लिखा है। ताकि, आवंटित राशि से बैंक ड्राफ्ट तैयार कर राशि का भुगतान किया जा सके।

### किस जिले को कितनी राशि आवंटित

पुलिस मुख्यालय ने रांची एसएसपी को 10,34,1000 रुपये, खूंटी एसपी को 8.95 लाख रुपये, गुमला एसपी को 1,32,5000, सिमडेगा एसपी को 20.38 लाख, लोहरदगा एसपी को 14.35 लाख, सरायकेला एसपी को 14,89 लाख, चाईबासा एसपी को 20.19 लाख, एसएसपी जमशेदपुर को 57.87लाख, पलामू एसपी को 30.30 लाख, लातेहार एसपी को 19.12 लाख, गढ़वा एसपी को 19.73 लाख, रामगढ़ एसपी को 15.9 लाख, बोकारो एसपी को 27.33 लाख, धनबाद एसएसपी को 44.10 लाख, गिरिडीह एसपी को 26.17 लाख, हजारीबाग एसपी को 39.71 लाख, कोडरमा एसपी को 8.13 लाख, चतरा एसपी को 16.79 लाख, देवघर एसपी को 9.15 लाख, जामताड़ा एसपी को 12.84 लाख, दुमका एसपी को 15.26 लाख, पाकुड़ एसपी को 5.99 लाख, गोड्डा एसपी को 6.67 लाख और साहिबगंज एसपी को 14.59 लाख रुपये आवंटित किया है।

# भाजपा ने 5628 शक्ति केंद्रों पर सदस्यता अभियान का किया शुभारंभ

वरीय संवाददाता



**रांची।** झारखंड भाजपा ने शक्ति केंद्र, पंचायत स्तर पर कैंप लगाकर भव्य तरीके से सदस्यता अभियान संगठन महापर्व का शुभारंभ किया। गांव-गांव में जनता में सदस्यता ग्रहण करने केलिए उत्साह देखा गया। पंचायत,बूथों पर लोग एकत्रित होकर सदस्यता ग्रहण करने में जुटे रहे। ऑनलाइन सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम को तकनीक रूप में सफल बनाने में युवा कार्यकर्ताओं ने बढ़चढकर सहभागिता निभाई।

उद्घाटन कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी अपने क्षेत्र में गिरिडीह जिला अंतर्गत बेलवाना पंचायत के खोरों गांव में सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया। जबकि प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने रांची जिला के हरमू मंडल अंतर्गत डीएवी स्वर्णरेखा शक्तिकेंद्र में संगठनपर्व का शुभारंभ किया।

रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ चुटिया में, कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय गिरिडीह के पचंबा शक्ति केंद्र में,केंद्रीय मंत्री श्री मति अन्नपूर्णा देवी इचाक के चाराडीह में,प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू ओरमांझी में, डॉ प्रदीप वर्मा टाटीसिलवे मंडल के महिलौंग शक्तिकेंद्र में,मनोज कुमार सिंह मेदिनीनगर के बारालोटा शक्ति केंद्र में,राकेश प्रसाद रामगढ़ के पतरातु स्थित जयनगर शक्ति केंद्र में उपस्थित रहे। संगठन महापर्व के तहत सदस्यता अभियान का शुभारंभ करते हुए प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि जनता के सहयोग और समर्थन से ही भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनी है।

आज भाजपा के 11 करोड़ से ज्यादा भाजपा के सदस्य हैं। श्री मरांडी ने कहा कि भाजपा की नीतियों,कार्यक्रमों पर जनता का विश्वास बढ़ा है। देश तीसरी बार मोदी सरकार बनाने में जनता ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित की है।

### यातायात व्यवस्था सुधारने के बजाय जुर्माना वसूलने पर ट्रैफिक पुलिस दे रही है ध्यान : मरांडी

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने रांची में यातायात पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाए हैं। मरांडी ने रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर ट्वीट कर कहा है कि राजधानी रांची की ट्रैफिक पुलिस यातायात व्यवस्था सुधारने के बजाय केवल जुर्माना वसूलने पर अपना ध्यान केंद्रित कर रही है। मामूली गलतियों पर भी भारी-भरकम जुर्माना लगाकर जनता का शोषण किया जा रहा है। बाबूलाल ने कहा कि सड़क सुरक्षा और यातायात नियंत्रण जैसे अहम मुद्दों को नजरअंदाज कर सिर्फ जुर्माने की वसूली को प्राथमिकता दी जा रही है। सड़क सुरक्षा के लिए यातायात नियमों का पालन जरूरी है लेकिन जब तक सड़कों की दशा नहीं सुधरेगी, ट्रैफिक सिग्नल सही नहीं होंगे और लोगों को जागरूक नहीं किया जाएगा, तब तक सिर्फ जुर्माना वसूलने से समस्या हल नहीं होगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी, इस मुद्दे पर बेहद संवेदनशीलता की जरूरत है। आमजनों पर लगाए गए भारी भरकम जुर्माने पर पुनर्विचार करें और रांची की सड़कों पर मची लूट को रोककर सुचारू यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करें।

## संक्षिप्त खबरें

### पंचायत समिति सदस्यों ने मंत्री के समक्ष रखी पेटरवार प्रखंड की समस्याएं



**तेनुघाट/ बोकारो।** गोमिया विधायक सह झारखंड पेयजल एवं स्वच्छता विभाग और उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग मंत्री योगेंद्र प्रसाद से पेटरवार प्रखंड के पंचायत समिति सदस्यों ने मुलाकात कर उन्हें बधाई दी। श्री प्रसाद को पेटरवार प्रखंड की समस्या से अवगत कराया और उनका निराकरण करने की मांग की। श्री प्रसाद ने आश्वासन दिया कि सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। इस अवसर पर उलगड़ा उतरी यशोदा देवी, पेटरवार रेशमी देवी, चांदो पार्वती देवी, उलगदा दक्षिणी करूमी परवीन, घरवाटांड़ अख्तर अंसारी, तेनुघाट अजीत कुमार पांडेय, खेतको जाफलू अली सहित अन्य पंचायत समिति सदस्य और उनके प्रतिनिधि मौजूद थे।

### झामुमो की बैठक में संगठन मजबूत करने पर विचार



**बेरमो/ बोकारो।** झामुमो फुसरो नगर समिति की बैठक रविवार को करगली गेट स्थित पार्टी कार्यालय में नगर अध्यक्ष दीपक महतो की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पार्टी को सशक्त बनाने पर विचार-विमर्श किया गया। नगर अध्यक्ष दीपक महतो ने कहा कि झामुमो ही झारखंड का विकास कर सकती है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राज्यवासियों के हित के लिए निरंतर काम कर रहे हैं। कहा कि 2019 के बाद पुनः 2024 में एक बार पूरे बहुमत के साथ इंडिया गठबंधन की सरकार बनी है। कहा कि राज्य में हेमंत सोरेन की सरकार ने विकास की एक लंबी लकीर खिची है। भोलू खान ने कहा कि बेरमो विस क्षेत्र में पार्टी का जनाधार बढ रहा है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर विश्वास रखते हुए युवा पीढ़ी लगातार झामुमों का दमन थाम रहे हैं। बैठक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर आस्था रखते हुए सोनू कुमार, राजू निषाद, देवेंद्र कुमार रविदास, विक्की कुमार, जावेद खान ने झामुमो का दामन थामा।मौके पर पूर्व केंद्रीय सदस्य बनवीर मिश्रा, जिला संयुक्त सचिव पान बाबू केवट, आलमगीर खान, दीपक गुप्ता, जितेंद्र नायक, गोविंद रजक, आनंद कुमार, सोनू खान, आनंद सोनू आदि मौजूद थे।

### समाजसेवी का आकस्मिक निधन, शोक की लहर



**बेरमो/ बोकारो।** फुसरो नगर परिषद क्षेत्र नया रोड फुसरो निवासी समाजसेवी बच्चू सिंह का शनिवार की रात्रि हार्ट अटैक से आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही क्षेत्र के समाजसेवियों एवं प्रबुद्ध जनों में शोक की लहर दौड़ गयी। मृतक अपने पीछे शादीशुदा एक पूत्र एवं छह पूत्री समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके निधन पर पूर्व पार्षद अनिता कुमारी, राधा देवी, पार्षद प्रतिनिधि रमेश स्वर्णकार, भोजपुरी सम्राट लाखन सिंह, अफताब आलम, कृष्ण कुमार चांडक, जवाहरलाल यादव, टीन्नु सिंह, रंजीत शर्मा, विरेंद्र सिंह, संत सिंह, संतन सिंह, सुनील सिंह, संजय साहू, सुनील अग्रवाल सहित कई लोगों ने पहुंचकर शोक प्रकट किया है।

### श्री शिव स्वास्थ्य एवं शिक्षा सेवा ट्रस्ट ने लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर



**बोकारो।** श्री शिव स्वास्थ्य एवं शिक्षा सेवा ट्रस्ट की ओर से रविवार को क्यूटिज क्लब प्री प्राइमरी स्कूल बाजारटांड़ बोकारो थर्मल में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में बोकारो थर्मल क्षेत्र के आसपास से ब्लड शुगर, ब्लड हीमोग्लोबिन, वजन एवं बीपी जैसी बीमारियों से पीड़ित लोग निःशुल्क अपने स्वास्थ्य जांच कराकर लाभ उठाए। ट्रस्ट के सचिव सह संस्थापक भुवनेश्वर प्रसाद साहू ने कहा कि सेवा भावना से ट्रस्ट परिवार की ओर से शिक्षा एवं चिकित्सा के प्रति लगातार क्षेत्र में शिविर का आयोजन करते रहते हैं। ट्रस्ट के सदस्य सह मीडिया प्रभारी जोधन नायक ने कहा कि ट्रस्ट स्वास्थ्य एवं शिक्षा के प्रति आए दिन जागरूकता कार्यक्रम आयोजन करते रहती है। ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष नीरज कुमार, नीतू कुमारी ने भी सहयोग किया। जांच शिविर में मुख्य रूप से डॉ० पी ठाकुर, बीएससी सुरेश प्रसाद, लैब असिस्टेंट सुचिता, रजनी ने लोगों के स्वास्थ्य जांच किया। स्वास्थ्य जांच शिविर में मुख्य रूप से मुखिया प्रतिनिधि मो० महबूब आलम, मो० अख्तर अंसारी विनोद कुमार साव, सुदामा साव इत्यादि उपस्थित थे।

### सैम्पफोर्ड इंटरनेशनल एकेडमी में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया क्रिसमस दिवस



**बोकारो।** जैनामोड़ स्थित सैम्पफोर्ड इंटरनेशनल एकेडमी में क्रिसमस का पर्व धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान विद्यालय के विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से क्रिसमस की खुशी का इजहार किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संस्था के निदेशक जाकि अर्फिन, एडमिनिस्ट्रेटर फरहीन सुल्ताना, स्कूल के प्रधानाचार्य अरुण कुमार व उप प्रधानाचार्य नीलम तिवारी उपस्थित रहे। इस दौरान स्कूल के बच्चों ने रंग-बिरंगी और सांताक्लाज का ड्रेस पहनकर कार्यक्रम में शामिल हुए। क्रिसमस की शुरूआत बच्चों ने रंगारंग और सांस्कृतिक गीतों से की। इस दौरान मुख्य अतिथियों व समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बच्चों के बीच चॉकलेट व उपहार का वितरण कर सभी को क्रिसमस की बधाई दी।

### सेम्फोर्ड इंटरनेशनल एकेडमी में विज्ञान-कला प्रदर्शनी एवं फेट का हुआ आयोजन



**बोकारो।** जैनामोड़ के ढाहीटांड़ स्थित सेम्फोर्ड इंटरनेशनल एकेडमी में विज्ञान-कला प्रदर्शनी एवं फैट आयोजन रविवार को किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष मंजूर अंसारी व विशिष्ट अतिथि में निदेशक जाकि अर्फिन, एकेडमीक निदेशक अरुण कुमार, उप-प्राचार्या नीलम तिवारी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस दौरान स्कूल के बच्चों ने अतिथियो का स्वागत, स्वागत गीत के साथ किया।

# 'लिखूं कि ज़िंदगी तुम्हारे बाद तुम्हें याद करे...'

**पुरानी स्मृतियां संजोए 33 साल बाद अपने स्कूल पहुंचे डीपीएस बोकारो के प्रथम बैच के विद्यार्थी, ताजा कीं यादें**

**भूतपूर्व छात्र सम्मेलन में इस्पातनगरी के शैक्षणिक उत्थान में सहयोग का दिया आश्वासन**



संवाददाता

**बोकारो।** रविवार का दिन डीपीएस बोकारो के लिए एक यादगार अनुभवों से भरा दिन रहा। अवसर था भूतपूर्व विद्यार्थियों के सम्मेलन स्मृतिधारा का। खास बात यह रही कि इस सम्मेलन में विद्यालय की स्थापना के बाद प्रथम बैच 1991 के विद्यार्थी शामिल हुए। तीन दशक से भी अधिक समय के बाद आज जिंदगी के खास मुकाम पर पहुंचे इन पुराने विद्यार्थियों का समागम अपने-आप में अविस्मरणीय व अनूठा अनुभव रहा। सभी ने अपने आह्लादित हो अपने पुराने शिक्षकों का आशीर्वाद लिया तथा कौतूहल, उत्साह और पूरी उत्सुकता के साथ अपने विद्यालय परिसर का भ्रमण किया। भावनात्मक स्मृतियां संजोए 33 वर्ष पुराने अतीत में जाकर वे अपने क्लासरूम, खेल के मैदान, सभागार सहित स्कूल कोने-कोने को निहारते देखे गए। उन्होंने विद्यालय में आए बदलावों को देखा, आधारभूत संरचनाओं में आई बेहतरी पर प्रसन्नता व्यक्त की तथा आपस में अपने विचार व अनुभव साझा किए। साथ ही, इन पलों को अपने मोबाइल फोन के कैमरे में कैद भी किया। इस यादगार घड़ी का साक्षी उन दिनों के विद्यालय के शिक्षक भी बने। उस समय के विद्यालय के शिक्षक और वर्तमान में स्कूल के प्राचार्य डॉ. ए. एस. गंगवार, वयोवृद्ध शिक्षिका शीला राय शर्मा, डॉ. एस. एस. महापात्रा एवं डॉ. अरुणजी भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया।

इसके पूर्व, विद्यालय की छात्राओं ने सभी आगुंतक भूतपूर्व विद्यार्थियों का तिलक-चंदन लगाकर तथा पुष्प भेंट कर स्वागत किया। स्वागत गान एवं विद्यालय गीत के उपरांत बच्चों ने विद्यालय के इस संस्थापक बैच के पुरातन छात्र-छात्राओं के सम्मान में आर्केस्ट्रा और मनोरम नृत्य तथा संगीत विभाग के शिक्षकों ने सदाबहार गीतों की नन-स्टॉप मेडली से समां बांध दिया।

अपने संबोधन में प्राचार्य डॉ. गंगवार ने कहा कि बीता हर्ष वर्ष एक अनुभव देकर जाता है। उन्होंने भूतपूर्व विद्यार्थियों से आज के बच्चों का मार्गदर्शन कर उनका भविष्य संवारने की दिशा में उनसे सहयोग की अपील की। इसके आलोक में पहले बैच के सभी भूतपूर्व विद्यार्थियों ने डीपीएस बोकारो के साथ-साथ इस्पातनगरी बोकारो के शैक्षणिक विकास में अपनी ओर से हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। खास तौर से बच्चों को उद्यमशीलता की अवधारणा व महत्ता समझाने और उनके करियर मार्गदर्शन की दिशा में अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम में पुराने शिक्षक रहे डॉ० अरुण, श्रीमता शर्मा एवं श्री महापात्रा ने भी उस जमाने के अपने विचार साझा किए। तदुपरांत बारी-बारी से भूतपूर्व विद्यार्थियों ने अपने अनुभव बताए।

किसी ने डीपीएस बोकारो में आना अपने जीवन का सर्वश्रेष्ठ निर्णय बताया, तो किसी ने विद्यालय की तुलना साकेत (अयोध्या धाम) से की। किसी ने विद्यार्थी जीवन की शरारतें, नादानियों अपनी कमजोरियों और खासियतों को हास्यास्पद अंदाज में प्रस्तुत कर गुदगुदाया तो किसी ने पुराने वाकये बताते हुए शिक्षकों के साथ अपने जुड़ाव की चर्चा की। इस बीच शिक्षक डॉ० अरुण जी का गायन और भूतपूर्व छात्र डॉ० सुमित सेठ की सहधर्मिणी चिकित्सक डॉ० वारिजा की कविता - लिखूं कि जिंदगी तुम्हारे बाद तुम्हें याद करे... ने सबका मन मोह लिया। इस क्रम में प्रथम बैच की स्मृतियों को संजोई एक स्मारिका मेमरीबिलिया- स्मृतिधारा का विमोचन भी किया गया। उपस्थित भूतपूर्व विद्यार्थियों में आशीष वर्मा, अमरेश ओझा, कुमार रंजन, डॉ० मनोज श्रीवास्तव, तुषार कुमार सिंह, अनुपमा, राजीव रंजन, प्रणव झा, नितिन चरण, गौतम, मृत्युंजय कुमार, डॉ० सुमित सेठ, डॉ० सुष्मिता प्रकाश, संजू सिन्हा, जया सिंह आदि शामिल रहे। अंत में प्राचार्य डॉ० गंगवार ने सभी को स्मृति-फलक भेंटकर सम्मानित किया। इसके बाद भूतपूर्व विद्यार्थियों ने विभिन्न खेलों का भी आनंद लिया तथा बचपन की यादें ताजा कीं।

## जदयू नेता अशोक चौधरी ने परिवारवाद और मंईयां योजना पर की तीखी टिप्पणी



संवाददाता

**बोकारो।** सेक्टर 12 स्थित जनता दल यूनाइटेड (जदयू) कार्यालय में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की बैठक को संबोधित करते हुए जदयू के वरिष्ठ नेता और पूर्व बीआडा अध्यक्ष अशोक चौधरी ने वर्तमान राजनीतिक माहौल, विधानसभा चुनाव और पार्टी की नीतियों पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि विषाक्त राजनीति के इस दौर में जनता दल यूनाइटेड एकमात्र ऐसी पार्टी है, जिसने परिवारवाद को पूरी तरह नकारा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने न केवल स्वयं को इससे अलग रखा है, बल्कि पार्टी को भी इससे अछूता बनाए रखा है। श्री चौधरी ने बोकारो में हुए विधानसभा चुनावों की समीक्षा पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि एनडीए गठबंधन में सामंजस्य की कमी साफ झलकी, जबकि इंडिया गठबंधन के दलों ने बेहतर तालमेल का प्रदर्शन किया। भाजपा प्रत्याशियों के हार के लिए दूसरों को दोष देने के सवाल पर उन्होंने कहा कि यह स्वाभाविक है कि जो उम्मीदवार दौड़ में पीछे छूट जाते हैं, उनके समर्थक मजबूत दावेदारों की ओर रुख कर लेते हैं।

यह जनता की असंतोषजनक अपेक्षाओं और उम्मीदवारों की नाकामी का परिणाम हो सकता है। श्री चौधरी ने झारखंड में इंडिया गठबंधन को सत्ता में वापस लाने में मैया योजना की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि यह योजना महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के बजाय उन्हें सरकार पर निर्भरता की ओर ले जा सकती है। झारखंड की सामाजिक संरचना का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि यहां की महिलाएं पारंपरिक रूप से पिता, पति या अन्य पुरुष रिश्तों पर निर्भर रही हैं। इस योजना से उनका आत्मनिर्भर बन पाना मुश्किल है। पार्टी संगठन की मजबूती के सवाल पर अशोक चौधरी ने प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो की कार्यशैली की आलोचना करते हुए कहा कि वे विधानसभा चुनावों में पार्टी के टिकट के वितरण में असफल रहे। उन्होंने कहा कि यदि वे उनकी जगह होते तो अपनी विफलता स्वीकार करते हुए अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे देते। बैठक में कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## युवा व्यवसायी संघ फुसरो ने लगाया निःशुल्क नेत्र जांच शिविर

**युवा व्यवसायी संघ फुसरो का सराहनीय पहल : एसडीओ**



संवाददाता

**बेरमो/ बोकारो।** युवा व्यवसायी संघ फुसरो के नेतृत्व में जिला अंधापन नियंत्रण समिति व हाजी एआर रहमान मेमोरियल अस्पताल कथारा द्वारा अग्रसेन भवन फुसरो में रविवार को निःशुल्क नेत्र जांच शिविर लगाया गया। यह शिविर संघ के अध्यक्ष वैभव चौरसिया के नेतृत्व में लगाया गया। शिविर का उद्घाटन बेरमो एसडीओ मुकेश मछुआ ने फीता काटकर किया। एसडीओ श्री मछुआ ने युवा व्यवसायी संघ की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि पैसे की कमी के कारण कई लोग आंखों का ऑपरेशन नहीं करा पाते हैं। ऐसे शिविर से आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के आंखों का ऑपरेशन हो जाता है। संघ के अध्यक्ष वैभव चौरसिया ने कहा कि मोतियाबिंद के मरीजों को निःशुल्क लेंस प्रत्यारोपण आज ही कथारा स्थित हाजी एआर मेमोरियल अस्पताल में किया जाएगा। ऑपरेशन के दौरान मरीजों को सारी सुविधाएं उपलब्ध करायी जाएगी। साथ ही कथारा आने जाने के लिए संसाधन उपलब्ध कराया जाएगा। शिविर में नेत्र चिकित्सक डॉ० राजेश कुमार, डॉ० आरोफिल शेख, डॉ० एम आलम एवं उनके सहयोगी ताहिर अंसारी, फिरोज असांरी, दिंगबर, अमित, अनूज आदि ने 305 मरीजों का नेत्र जांच की। जिसमें से 72 मरीजों के आंखों में मोतियाबिंद पाया गया। इन मरीजों को ऑपरेशन के लिए हाजी एआर मेमोरियल अस्पताल कथारा भेजा गया है। जहां मुफ्त मोतियाबिंद ऑपरेशन कर लेंस प्रत्यारोपण किया जा रहा है। मौके पर बेरमो प्रमुख गिरिजा देवी, कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष छेदी नोनिया, संघ के सचिव बैजु मालाकार, कोषाध्यक्ष राकेश मालाकार, संघ के संरक्षक मो० कलाम, कृष्ण कुमार, अभय विश्वकर्मा, नेमीचंद गोयल, गुड्डू जैन, श्रीकांत मिश्रा, मिथलेश जयसवाल, मुकेश पंडित, गोपी डे, विश्वजीत पाल आदि लोग मौजूद थे।

## बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत कैंडल मार्च



संवाददाता

**बोकारो।** सहयोगिनी संस्था द्वारा जरीडीह प्रखंड के पाथुरिया पंचायत में ग्रामीण महिलाओं व किशोरियों ने बाल विवाह के खिलाफ चंद्र रुकता अभियान के तहत कैंडल मार्च का आयोजन किया। इस संबंध में सहयोगिनी की सचिव कल्याणी सागर ने बताया कि बाल विवाह जैसी कुप्रथा को हम समाप्त कर लड़कियों के जीवन को संवार सकते है। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों, किशोरियों ,पंचायत प्रतिनिधियों, सहियाओं, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं व शिक्षकों ने बाल विवाह के खिलाफ शपथ ली। उसके बाद पूरे गांव में कैंडल मार्च के साथ बाल विवाह के खिलाफ नारे बुलंद की गई। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम देश से बाल विवाह के खात्मे के लिए भारत सरकार के बाल विवाह मुक्त भारत के आह्वान के समर्थन में किया गया है। सहयोगिनी के समन्वयक सनी कुमार ने कहा कि ह्यजस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन का सहयोगी संगठन होने के नाते हम इसमें पूरी तरह साथ हैं। वर्षों से बाल विवाह के खिलाफ काम करने के नाते हम भली भांति जानते हैं कि समग्र और समन्वित प्रयासों के बिना यह लड़ाई नहीं जीती जा सकती। इस कार्यक्रम के दौरान सोनी देवी ,मंजू देवी, रवि कुमार राय ,अनिल कुमार हेंब्रम, विकास कुमार आदि उपस्थित थे।

## दि ओरिएंटल पब्लिक स्कूल जैनामोड में खेलकूद कार्यक्रम का समापन

संवाददाता



**बोकारो।** जैनामोड स्थित दि ओरिएंटल पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेलकूद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि चिन्मय विद्यालय के प्रिंसिपल सुरज शर्मा, विशिष्ट अतिथि में रेनबो पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल बिपुल के सिंह, स्कूल के अध्यक्ष मुस्ताक अहमद व स्कूल के निदेशक प्रिंसिपल डॉ० आमिर हुसैन ने संयुक्त रूप से मशाल जलाकर कर किया। जिसके बाद खुशी एंड ग्रुप द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। इस दौरान स्कूल के प्रिंसिपल डॉ० आमिर हुसैन ने स्कूल की खेलकूद में उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में उन्हें मेहनत और लगन से प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करते हुए मनोबल को बढ़ाया। कार्यक्रम के दौरान चारों हाउसों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओ में भाग लिया। जिसमे बेहतर प्रदर्शन करते हुए लॉयल्टी हाउस ने 253 अंकों के साथ जीत हासिल की। वही 239 अंकों के साथ मोडेस्टी हाउस पहला रनर अप रहा। इस दौरान मुख्य अतिथि सुरज शर्मा ने बच्चों को खेल के महत्व को बताते हुए उनके खेल के प्रदर्शन की सराहना की। वही विजेता व उपविजेता को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की सफलता में स्कूल के उपप्रधानाचार्य अमित कुमार बर्णवाल, प्रमुख शिक्षिका रिंकु रॉय, इंचार्ज सपना सिन्हा, अर्पिता मुखर्जी, नीतेश कुमार, सोमनाथ दास, सुनील कुमार सेन और सभी शिक्षकों का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण झारखंडी लोक नृत्य रहा।

## कौटिल्य महापरिवार बेरमो की बैठक में 14 जनवरी को स्थापना दिवस मनाने का निर्णय



बेरमो/ बोकारो। कौटिल्य भवन करगली बाजार में रविवार को कौटिल्य महापरिवार बेरमो की बैठक हुई। अध्यक्षता महापरिवार के अध्यक्ष अजय कुमार झा ने की। यहां मुख्य रूप संस्था के सचिव बृज बिहारी पांडेय, रामनरेश द्विवेदी, देवतानंद दुबे, अनिलचंद्र झा मौजूद थे। यहां बताया गया कि सर्वसम्मति से प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी महापरिवार का स्थापना दिवस करगली बाजार स्थित कौटिल्य भवन परिसर में 14 जनवरी को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया है, जिसकी तैयारी जोर-शोर से की जा रही है। महापरिवार से जुड़े लोग स्थापना दिवस धूमधाम से मनाने को लेकर बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। इस मौके पर वृज बिहारी पांडेय को राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन का सीसीएल ढ़ोरी क्षेत्र के कार्यकारी अध्यक्ष बनाये जाने पर महापरिवार द्वारा अंग वस्त्र एवं बुके देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर पंकज पांडेय, बसंत पाठक, शंभू झा, रामकिंकर पांडेय, धीरज पांडेय, टूनटून तिवारी, नागेंद्र तिवारी, जितेंद्र त्रिपाठी, तरुण चक्रवर्ती, बिपिन कुमार झा, संजीव कुमार तिवारी, भरत भूषण पांडेय, सुनील कुमार दुबे, श्याम कुमार मिश्रा, दीपक ओझा, अरबिंद कुमार शर्मा, रामानुज शर्मा, गुड्डू दुबे, शंकर चक्रवर्ती, संजय कुमार पांडेय आदि लोग मौजूद थे।

## कथारा में सीसीएल कर्मियों के बीच मारपीट

**दोनों ने कराया एक दूसरे पर प्राथमिकी दर्ज**





संवाददाता

**कथारा/ बोकारो।** सीसीएल कथारा वाशरी में शनिवार की रात्रि सीसीएल कर्मी आमिर हुसैन एवं आरए माइनिंग कर्मी नरेश यादव के बीच मारपीट हो गई। आमिर हुसैन के भतीजे समीर वारसी एवं दूसरे पक्ष नरेश यादव के भाई विनोद यादव ने एक दूसरे पर मारपीट करने की प्राथमिकी कथारा ओपी में दर्ज कराई है। इधर रात्रि में घटना की सूचना मिलने पर तत्काल पहुंचे कथारा ओपी प्रभारी राजेश कुमार प्रजापति ने दोनों घायलों को इलाज के लिए सीसीएल के कथारा क्षेत्रीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए दोनों घायलों को बोकारो के निजी अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं घटना की सूचना पाकर अस्पताल पहुंचे दोनों पक्षों के परिजन एवं अन्य ग्रामीणों के बीच तनाव की स्थिति बन गई थी। परंतु मौके पर मौजूद थाना प्रभारी राजेश कुमार प्रजापति ने दोनों पक्षों को शांत कराया। झिरकी निवासी आमिर हुसैन के भतीजे समीर वारसी ने पुलिस को दिए आवेदन में कहा है कि शनिवार की रात लगभग आठ बजे आमिर हुसैन ड्यूटी पर थे। उन्होंने देखा कि नरेश यादव सहित तीन अन्य लोग कोयला चोरी कर रहे हैं। उन्होंने जब मना किया तो नरेश यादव ने गाली गलौज करते हुए पत्थर से आमिर हुसैन का माथा फोड़ दिया। इसके बाद वह वहां बेहोश हो गए और सहकर्मियों की सहायता से उन्हें घायल अवस्था में अस्पताल पहुंचाया गया। वहीं साड़म के हथियापत्थर निवासी नरेश यादव के भाई विनोद यादव ने पुलिस को दिए आवेदन में कहा है कि नरेश यादव कथारा कोलियरी में संचालित आउटसोर्सिंग कंपनी के आरए माइनिंग में ड्यूटी करके लौट रहे थे कि तभी एक व्यक्ति उनकी बाइक रुकवा कर माइंस के आउटसोर्सिंग में गाड़ी नहीं चलने और बाहरी बोलकर गाली गलौज देने लगा। इसके बाद फोन करके बुलाया। 10 से 15 लोगों ने नरेश यादव के साथ मारपीट की और उन्हें घायल कर दिया। इस संबंध में थाना प्रभारी राजेश कुमार प्रजापति ने कहा कि प्राथमिकी दर्ज कर मामले की गंभीरता से अनुसंधान की जा रही है।

## झारखंड कुरमी महासभा की बैठक में कुर्मी को एसटी में शामिल करने की मांग



संवाददाता

**फुसरो/ बोकारो।** फुसरो के झब्बु सिंह महिला कॉलेज स्थित जेसीएसयू कार्यालय में रविवार को झारखंड कुरमी महासभा के कार्यकारिणी समिति सदस्यों की बैठक हुई। अध्यक्षता महासभा के बोकारो जिला अध्यक्ष सुरज महतो ने की। बैठक की शुरूआत स्व० बिनोद बिहारी महतो एवं स्व० जगरनाथ महतो के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की गई। यहां जिला क्षेत्र के बेरमो, पेटरवार, गोमिया, नावाडीह प्रखंड के कार्यकरणी समिति के सदस्यों की उपस्थित में कई विषयों पर चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष श्री महतो ने कहा कि1913 एवं 1931 के गजट के अधिसूचना संख्या 550, 3563 एवं जनगणना रिपोर्ट में कुरमी जाति सहित दर्जनों जाति अनुसूचित जनजाति (एसटी) में शामिल था। जिसे भारतीय संविधान निर्माण के दौरान 1950 में भूलवश सूची से हटा दिया गया। पुनः कुरमी जाति को एसटी सूची में शामिल करने को लेकर भारत सरकार के प्रधानमंत्री, गृह मंत्री व झारखंड के मुख्यमंत्री को पत्र लिखा जायेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### विधिक सेवा सशक्तिकरण की जानकारी दी गई

**लावालौंग।** प्रखंड के लामटा पंचायत अंतर्गत ग्राम जिरोन के टोला कुम्हराजोत में रविवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण और लोहरदगा ग्रामीण स्वरोजगार संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में जागरूकता सभा का आयोजन किया गया। इस सभा का मुख्य उद्देश्य बाल विवाह, मानव तस्करी, घरेलू हिंसा, बाल श्रम, डायन प्रथा और दहेज उत्पीड़न जैसे सामाजिक कुरीतियों के प्रति लोगों को जागरूक करना था।।सभा को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए सामाजिक कार्यकर्ता अशोक कुमार पासवान ने कहा कि सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ सभी को एकजुट होकर लड़ाई लड़नी होगी। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे इन समस्याओं को जड़ से समाप्त करने के लिए आगे आएं। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि किसी भी प्रकार की समस्या होने पर कानूनी मदद उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि बाल श्रम के शिकार बच्चे 1098 नंबर पर कॉल करके मदद मांग सकते हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि बाल तस्करी में लिप्त लोगों के लिए कानून में आजीवन कारावास का प्रावधान है। बाल विवाह को रोकने के लिए दोषियों पर दो साल के कारावास या एक लाख रुपये जुमार्ना या दोनों का प्रावधान है। कार्यक्रम में पारा लीगल वालंटियर काजल कुमारी और एलजीआरएस की सेवंती देवी ने भी ग्रामीणों को कानूनी अधिकारों और सामाजिक कुरीतियों से बचाव के लिए विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को अपने अधिकारों और जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक होना चाहिए। सभा में पंकज कुमार पांडे, आशीष कुमार पांडे, मुकेश कुमार गंझू, बसंती देवी, धनिया देवी और अनीता देवी सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

### विधायक की अध्यक्षता में कौलेश्वरी मंदिर विकास समिति की बैठक संपन्न



**हंटरगंज।** रविवार को प्रखंड कार्यालय सभागार में चतरा विधायक जनार्दन पासवान की अध्यक्षता में कौलेश्वरी मंदिर विकास समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मंदिर के विकास और सुविधाओं को लेकर कई अहम मुद्दों पर चर्चा की गई। विधायक पासवान ने तालाब में बाउंड्री निर्माण, शुद्ध पेयजल की व्यवस्था, विद्युतीकरण, मंदिर परिसर की साफ-सफाई, मंदिर के विस्तार और सौंदर्यीकरण जैसे विषयों पर विचार करते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही का निर्देश दिया।।बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष ममता कुमारी, अंचल अधिकारी अरुण मुंडा, जिला परिषद सदस्य निशि कुमारी, शांति देवी, मंदिर विकास समिति अध्यक्ष कौशल सिंह समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। बैठक में समिति के सदस्यों और स्थानीय नागरिकों ने मंदिर विकास की दिशा में सकारात्मक कदम उठाने का भरोसा जताया।

### फाइनल मैच के साथ एचपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य समापन



**हंटरगंज।** हंटरगंज +2 उच्च विद्यालय के मैदान में आयोजित एच पी एल क्रिकेट टूर्नामेंट का रविवार को फाइनल मैच के साथ समापन हुआ। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला लायंस क्लब हंटरगंज और बारहगांवां टीम के बीच खेला गया, जिसमें हंटरगंज की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 59 रनों से जीत दर्ज की। पहले बल्लेबाजी करते हुए हंटरगंज की टीम ने 142 रन बनाए। जवाब में बारहगांवां की टीम मात्र 83 रनों पर सिमट गई। हंटरगंज के हरिश कुमार को उनके शानदार प्रदर्शन 53 रन और 3 विकेट के लिए मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। समारोह में जिला परिषद सदस्य निशि कुमारी, समाजसेवी प्रेम सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष अरुण चौरसिया और अन्य विशिष्ट अतिथियों ने विजेता, उपविजेता और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। विशेष रूप से रांची ऑटो सर्विस सेंटर द्वारा हैट्रिक छक्के पर 551 रुपये और हैट्रिक चौके पर 251 रुपये का नकद इनाम रखा गया था, लेकिन कोई भी खिलाड़ी इन पुरस्कारों का लाभ नहीं उठा सका। टूर्नामेंट का समापन हजारों खेल प्रेमियों और स्थानीय निवासियों की उपस्थिति में हुआ।

### सूखा पेड़ बना खतरा, हो सकती है बड़ी दुर्घटना



**सिमरिया।** सिमरिया प्रखंड के बगरा चौक पर स्थित बगरा-चतरा और बगरा-रांची राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे कई विशालकाय सूखे पेड़ गंभीर खतरा पैदा कर रहे हैं। इन पेड़ों के कभी भी गिरने का डर है, जिससे स्थानीय निवासियों, राहगीरों और दुकानदारों की जान-माल को भारी नुकसान हो सकता है।।ग्रामीणों ने संबंधित विभाग से इन सूखे पेड़ों को जल्द से जल्द हटाने की अपील की है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर समय पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, तो किसी बड़ी दुर्घटना के लिए विभाग जिम्मेदार होगा।

## आम्रपाली परियोजना में जाली कागजात से कोयला तस्करी

# हाईवा जब्त, बड़ा सिंडिकेट सक्रिय

संवाददाता



**चतरा।** जिले के टंडवा स्थित आम्रपाली कोल परियोजना में जाली कागजातों के सहारे कोयला तस्करी का मामला सामने आया है। बीती रात सुरक्षा कर्मियों ने बगैर वैध कागजातों के कोयला ढो रहे एक हाईवा जेएच 13 ई 8448 को जब्त कर लिया। इस घटना ने परियोजना क्षेत्र में चल रही अवैध गतिविधियों और बड़े सिंडिकेट की सक्रियता को उजागर कर दिया है। सूत्रों का कहना है कि परियोजना क्षेत्र में जाली कागजातों का इस्तेमाल कर कोयले की तस्करी करने वाला एक प्रभावशाली गिरोह सक्रिय है। इस गिरोह में कुछ कंपनियों, ट्रांसपोर्टरों और सफेदपोश व्यक्तियों की संलिप्तता की आशंका है। सुरक्षा कर्मियों द्वारा हाईवा जब्त किए जाने के बाद यह स्पष्ट हो गया है कि तस्करी का यह नेटवर्क बड़े पैमाने पर काम कर रहा है। यह कोई पहली घटना नहीं है जब टंडवा क्षेत्र में कोयला तस्करी का मामला सामने आया है। पहले भी यह इलाका काले कारोबार और तस्करी के कारण चर्चा में रहा है। परियोजना क्षेत्र के आसपास के लोग लंबे समय से इन अवैध गतिविधियों की शिकायत कर रहे हैं, लेकिन अब तक इस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। इस घटना ने सीसीएल प्रबंधन की भूमिका पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि जाली कागजातों के जरिए कोयले की ढुलाई और तस्करी रोकने के लिए सीसीएल प्रबंधन को कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। अब यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि प्रबंधन दोषी कंपनियों और ट्रांसपोर्टरों को ब्लैकलिस्ट करता है या केवल औपचारिकता निभाकर मामले को दबा देता है।

## गरीबों और असहायों के बीच वितरित किए गए 500 कंबल



संवाददाता

**सिमरिया।** भीम बिरसा इमेंस फाउंडेशन और जनहित संस्कृति कला केंद्र के संयुक्त तत्वाधान में रविवार को गरीब, असहाय और वृद्धजनों के बीच कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान लगभग 500 कंबल वितरित किए गए। कार्यक्रम का आयोजन समाज सेवा के उद्देश्यों को केंद्र में रखकर किया गया। कला केंद्र के निदेशक चंदन मिश्रा ने बताया कि दोनों संस्थाएं लंबे समय से समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों की सेवा में लगी हैं। इस कार्य में समाज के भामाशाहों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। भीम बिरसा इमेंस फाउंडेशन की सरिता पांडेय ने कहा कि मानव सेवा हमारी प्राथमिकता है, और इस दिशा में हमारा समर्पण भविष्य में भी निरंतर जारी रहेगा।

## सांसद काली चरण सिंह ने जांगी में भाजपा सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया

संवाददाता



**चतरा।** चतरा सांसद काली चरण सिंह ने जांगी गांव में भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का आरंभ सांसद ने भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ० श्यामा प्रसाद मुखर्जी और एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर किया। इस मौके पर उन्होंने भाजपा की विचारधारा और आदर्शों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।
सांसद काली चरण सिंह ने कहा कि भाजपा की सदस्यता लेना केवल एक राजनीतिक निर्णय नहीं है, बल्कि यह राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने भाजपा की नीतियों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में हो रहे विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने समाज के हर वर्ग के लिए विकास और कल्याणकारी योजनाएं लागू की हैं। सांसद ने यह भी कहा कि भाजपा की विचारधारा राष्ट्रहित को प्राथमिकता देती है। उन्होंने आम जनता से अपील की कि वे इस सदस्यता अभियान में शामिल होकर क्षेत्र और देश के विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल पार्टी का विस्तार नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग तक भाजपा की विचारधारा और नीतियों को पहुंचाने का प्रयास है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक और पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने भाजपा की सदस्यता लेकर पार्टी के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया। सांसद ने सभी लोगों से आग्रह किया कि वे भाजपा के साथ जुड़कर समाज और देश की प्रगति में अपना योगदान दें। कार्यक्रम का समापन उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ, जिसमें लोगों ने भाजपा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की।

## रोटरी क्लब ने बच्चों के चेहरों पर खुशी और उमंग भरी मुस्कान बिखेरी

संवाददाता



**बोकारो।** बोकारो में क्रिसमस और त्योहारों की भावना को संजोते हुए रोटरी क्लब ऑफ बोकारो स्टील सिटी ने साल के अंतिम कार्य दिवस पर अलगोड़ा स्थित रोटरी प्ले स्कूल में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। इस आयोजन का उद्देश्य बच्चों के जीवन में खुशी लाना और त्योहारों का जश्न मनाना था।।कार्यक्रम में बच्चों के चेहरों पर उमंग और आनंद का अनोखा दृश्य देखने को मिला। रोटेरियन जकारिया और उनके परिवार के साथ-साथ रोटेरियन अशोक तनेजा, अशोक जैन, पूनम त्रेहन, अनिल त्रेहन, मोहन सर और अन्य रोटेरियन सदस्यों ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान दिया। इस आयोजन की मुख्य आकर्षण छह ट्राइसाइकिलों का दान था, जो रोटेरियन जकारिया, अशोक जैन और सुरेश अग्रवाल द्वारा प्रदान की गईं। इन ट्राइसाइकिलों ने बच्चों के जीवन में खुशियां भरीं और रोटरी क्लब की सेवा भावना को प्रकट किया। रोटरी क्लब के अध्यक्ष रोटेरियन महेश कुमार गुप्ता ने अपने संदेश में कहा कि रोटरी क्लब हमेशा समाज के जरूरतमंद वर्ग के जीवन में बदलाव लाने और सेवा के माध्यम से खुशियां बांटने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने सभी रोटेरियनों और उपस्थित अतिथियों को उनके योगदान के लिए धन्यवाद दिया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के लिए कई आकर्षक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें उन्होंने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों की प्रसन्नता और उत्साह ने इस आयोजन को और भी विशेष बना दिया। पूरे वातावरण में उत्सव और खुशी की भावना बिखरी रही, जिसने इस आयोजन को सफल और यादगार बना दिया।

## कोल वाहन की लापरवाही से बड़ा हादसा टला

संवाददाता



**गिद्धौर।** प्रखंड के मुख्य चौक पर रविवार को एक बड़ी दुर्घटना होते-होते बच गई। कोल वाहन के अचानक कट मारने से दो बाइकें आपस में टकरा गईं। इस दुर्घटना में दोनों बाइक चालक घायल हो गए। स्थानीय लोगों की तत्परता से दोनों घायलों को तुरंत पास के एक निजी क्लिनिक में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज किया गया।।ग्रामीणों ने बताया कि कोल वाहन चालक घनी आबादी वाले क्षेत्रों में भी तेज रफ्तार से वाहन चलाते हैं, जिससे दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है। परिवहन विभाग ने घनी आबादी वाले क्षेत्रों में वाहनों की गति सीमा 20 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे तक निर्धारित की है, लेकिन अधिकांश कोल वाहन चालक 80 से 100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से वाहन चलाते हैं। इस तरह की लापरवाही कभी भी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है। ग्रामीणों का कहना है कि अधिकतर कोल वाहन नाबालिग चालकों द्वारा चलाए जा रहे हैं। परिवहन विभाग की ओर से इन वाहनों की कोई जांच नहीं की जाती, जिससे यह समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। लोगों ने इस पर सख्त कार्रवाई की मांग की है ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं न हों।

## झारखंड पब्लिक स्कूल वेलफेयर एसोसिएशन ने आरटीई पर पुनर्विचार की मांग की



संवाददाता

**बोकारो।** किड्स आइलैंड पब्लिक स्कूल के सभागार में झारखंड पब्लिक स्कूल वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता तुलसी महतो ने की। बैठक में आरटीई शिक्षा का अधिकार अधिनियम से संबंधित झारखंड सरकार के हालिया निर्देशों पर गहन चर्चा की गई। सचिव सर्वेश दुबे ने सरकार द्वारा 2009 से पहले संचालित और वर्तमान में यू डाइस के तहत मान्यता प्राप्त स्कूलों की स्थिति पर चिंता व्यक्त की।
उन्होंने कहा कि सरकार का निर्णय शिक्षा क्षेत्र में कार्यरत स्कूलों के लिए हतोत्साहित करने वाला है। उन्होंने सरकार से अपील की कि इस निर्णय पर पुनर्विचार किया जाए और सभी योग्य स्कूलों को मान्यता दी जाय। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने सरकार से आग्रह किया कि वे शिक्षा के क्षेत्र में स्थायित्व लाने के लिए उचित कदम उठाएं। कामदेव महतो, नकुल महतो, अर्जुन महतो, विजय वर्णवाल और अन्य सदस्यों ने भी अपनी राय रखते हुए कहा कि शिक्षा का क्षेत्र किसी भी समाज की नींव है, और इसे मजबूत बनाने के लिए सभी स्कूलों को उचित मान्यता मिलनी चाहिए। बैठक के दौरान यह निष्कर्ष निकाला गया कि सरकार को स्कूलों की समस्याओं को समझने और उनके समाधान के लिए ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है। उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से यह मांग की कि शिक्षा के विकास के लिए सभी स्कूलों को समान अवसर प्रदान किया जाना चाहिए।

## बीडीओ ने किया अस्पताल मरम्मती कार्य का औचक निरीक्षण

संवाददाता



**सिमरिया।** रेफरल अस्पताल सिमरिया में रविवार को बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मरीज वार्ड समेत अस्पताल की विधि-व्यवस्था का जायजा लिया और अस्पताल में चल रहे मरम्मती कार्य की गहन समीक्षा की। बीडीओ ने निर्माण कार्य में लगे मजदूरों और संवेदक को मरम्मती कार्य में गुणवत्ता बनाए रखने और जल्द से जल्द कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने टूटे-फूटे दीवारों और छत के साथ अन्य खामियों को जल्द दुरुस्त करने पर जोर दिया। बीडीओ ने स्पष्ट रूप से कहा कि मरम्मती कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन का जीवन पूरी दुनिया के लिए प्रेरणा का स्रोत है

# महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन को श्रद्धांजलि दी गई

संवाददाता



**बोकारो।** राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर झारखंड +2 शिक्षक संघ, जिला इकाई बोकारो ने देश के महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन को श्रद्धांजलि अर्पित की। यह आयोजन सतनपुर रोड स्थित डॉ० शक्ति पद महतो और डॉ० रीना कुमारी के नेतृत्व में उनके आवास पर किया गया।
कार्यक्रम की शुरूआत गणित के जादूगर रामानुजन के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके की गई। वक्ताओं ने उनके संघर्षों और उपलब्धियों का स्मरण किया और गणित के क्षेत्र में उनके योगदान को अनुकरणीय बताया। रामानुजन को भारत माता का सच्चा सपूत कहते हुए वक्ताओं ने कहा कि उनका जीवन पूरी दुनिया के लिए प्रेरणा का स्रोत है।
इस कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष पंकज कुमार सिंह, सचिव डॉ० अवनीश कुमार झा, कोषाध्यक्ष राजदेव साहू, संगठन मंत्री ब्रजेश कुमार, संरक्षक डॉ० अजय कुमार पाठक, प्रांतीय गुणात्मक शिक्षा समिति के सदस्य धनंजय कुमार, और अन्य गणमान्य उपस्थित थे। सभी ने गणित की उपयोगिता और उसके हर क्षेत्र में महत्व पर प्रकाश डाला।.जिलाध्यक्ष पंकज कुमार सिंह और सचिव डॉ० अवनीश कुमार झा ने शिक्षकों से आह्वान किया कि वे श्रीनिवास रामानुजन के आदर्शों को अपनाते हुए विद्यार्थियों को श्रेष्ठ नागरिक बनाने में योगदान दें। उन्होंने कहा कि गणित की आवश्यकता जीवन के हर पहलू में है और इसे सिखाने के लिए हमें निष्ठा के साथ कार्य करना चाहिए।
कार्यक्रम के अंत में सभी ने गणित के महत्व को समझने और शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने का संकल्प लिया। यह आयोजन न केवल रामानुजन की स्मृति को ताजा करने का माध्यम बना, बल्कि गणित की उपयोगिता को भी रेखांकित किया।

## नगवां रॉक्स ने दर्ज की जीत

संवाददाता



**गिद्धौर।** जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में रविवार को जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में नगवां रॉक्स और आरसीए जूनियर के बीच लीग मैच खेला गया। यह मैच काफी रोमांचक रहा, जिसमें नगवां रॉक्स ने दो विकेट से जीत दर्ज की। आरसीए जूनियर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए आरसीए जूनियर ने 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 162 रन बनाए। जवाब में नगवां रॉक्स की टीम ने 8 विकेट खोकर 163 रन बनाते हुए मैच जीत लिया। नगवां रॉक्स के लिए पंकज ने सर्वाधिक 48 रन बनाए, जबकि धीरेन ने 30 रन का योगदान दिया। मैच में नगवां रॉक्स की टीम ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का दिल जीत लिया। पंकज के शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच के पुरस्कार से नवाजा गया। मैच में अंपायर की भूमिका रिशु कुमार ने निभाई, जबकि स्कोरर सुमित रहे। इस अवसर पर एसोसिएशन के अध्यक्ष विनय सिंह, सह सचिव आशुतोष, कोषाध्यक्ष सरोज सिन्हा, और जिला क्रिकेट लीग अध्यक्ष प्रेम राणा समेत अन्य सदस्य मौजूद थे।

## सुभाषितम्

**बड़ा सोचे, जल्दी सोचे, आगे सोचे विचारों पर किसी का एकाधिकार नहीं है। - धीरूभाई अंबानी**

## अच्छा मानसून भरपूर फसल और किसान के चेहरे पर मुस्कान

आज का मेरा यह लेख बदलते मौसम जीवन और मृत्यु के चक्र और प्रकृति के खिलाफ निरंतर संघर्ष को झेलने वाले हमारे उन गुमनाम नायकों को समर्पित है जिनकी खुशियां सरल हैं-अच्छा मानसून भरपूर फसल और अपने बच्चों के चेहरे पर मुस्कान हालांकि उनके दुख गहरे हैं-बंजर खेत और बढ़ता कर्ज। राष्ट्रीय किसान दिवस यानी एक ऐसे राजनीतिक व्यक्तित्व की जयंती का दिन जिन्होंने भारतीय राजनीति के जाने कितने ही बड़े संवैधानिक पदों पर रहकर ये दिखा गया कि कतार में खड़े आखिरी व्यक्ति के जीवन में कैसै बदलाव लाया जा सकता है। जी हां मैं बात कर रही हूं किसानों के मसीहा कहे जाने वाले भारत के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जिन्होंने 1979 से 1980 तक के अपने कार्यकाल के दौरान ना केवल किसानों की स्थिति में सुधार लाने का प्रयास किया बल्कि देश की कृषि नीतियों को आकार देने में बेहद अहम भूमिका निभाई और कई कल्याणकारी कार्यक्रम विकसित किए। भारत की ग्रामीण आबादी का अधिकांश हिस्सा जो देश के सकल घरेलू उत्पाद का 20% हिस्सा है अपनी आजीविका के लिए कृषि पर निर्भर है जो कि आबादी का लगभग 50% है लिहाजा दसवीं भारतीय सरकार ने कृषि उद्योग और किसानों के कल्याण में चौधरी चरण योगदान का सम्मान करने के लिए 2001 में उनकी जयंती को किसान दिवस के रूप में नामित करने का फैसला किया। 23 दिसंबर 1902 को गाजियाबाद (पश्चिम उत्तर प्रदेश) के नूरपूर गांव में जन्मे चौधरी चरण सिंह बचपन से ही क्रांतिकारी स्वभाव के रहे हैं। बचपन से ही देश के लिए कुछ करने की ललक रखने वाले चरण सिंह अपने अक्खंड़ रवैये और सिद्धांतों से समझौता न करने के लिए मशहूर थे।

कांग्रेस में ही रहते हुए उन्होंनने नेहरू के विचारों, योजनाओं और उनकी संकल्पंनाओं को गलत कहने का साहस दिखाया। उनकी शिक्षा सरकारी उच्च विद्यालय और विश्वविद्यालय मेरठ से पूरी हुई। उन्होंने विज्ञान स्नातक कला स्नातकोत्तर और विधि स्नातक की पढ़ाई की थी। कांग्रेस के लाहौर अधिवेशन में पूर्ण स्वराज का प्रस्ताव पारित हुआ जिससे प्रभावित होकर युवा चौधरी चरण सिंह राजनीति में सक्रिय हो गए। उन्होंने गाजियाबाद में कांग्रेस कमेटी का गठन किया। 1930 में जब महात्मा गांधी ने सविनय अवज्ञा आंदोलन का आह्वान किया तो उन्होंने हिंडन नदी पर नमक बनाने के प्रयास के क्रम में उन्हे जेल भी जाना पड़ा। 1937 में छपरौली (उत्तर प्रदेश) विधानसभा के लिए चुने गए एवं 1946, 1952, 1962 एवं 1967 में विधानसभा में अपने निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। उनके निर्देशन में ऋण मोचन विधेयक 1939 का मसौदा तैयार किया गया और उसे पूरा किया गया। इस विधेयक का उद्देश्य ग्रामीण आबादी को साहूकारों से बचाना था। 1946 में पंडित गोविंद बल्लभ पंत की सरकार में वह संसदीय सचिव बने और राजस्व, चिकित्सा एवं लोक स्वास्थ्य, न्याय, सूचना इत्यादि विभिन्न विभागों में कार्य किया। जून 1951 में उन्हें राज्य के कैबिनेट मंत्री के रूप में नियुक्त किया गया एवं न्याय तथा सूचना विभागों का प्रभार दिया गया। एक जुलाई २1952 को यूपी में उनके बदौलत जमींदारी प्रथा का उन्मूलन हुआ। यकीनन उनके द्वारा तैयार किया गया जमींदारी उन्मूलन विधेयक राज्य के कल्याणकारी सिद्धांत पर आधारित था। उन्होंने न केवल लेखापाल के पद का सृजन किया बल्कि किसानों के हित में उन्होंने 1954 में उत्तर प्रदेश भूमि संरक्षण कानून को भी पारित कराया। बाद में 1954 में वे डॉ. सम्पूर्णानन्द के मंत्रिमंडल में राजस्व एवं कृषि मंत्री बने। अप्रैल 1959 में जब उन्होंने पद से इस्तीफा दिया, उस समय उन्होंने राजस्व एवं परिवहन विभाग का प्रभार संभाला हुआ था।

श्री सी.बी. गुप्ता के मंत्रालय में वे गृह एवं कृषि मंत्री थे। 1960 में भूमि जोत अधिनियम लाने में भी उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी जिसका उद्देश्य भूमि जोत की अधिकतम सीमा को कम करके उसे पूरे राज्य में एक समान बनाना था। श्रीमती सुचेता कृपलानी के मंत्रालय में वे कृषि एवं वन मंत्री (1962-63) रहे। उन्होंने 1965 में कृषि विभाग छोड़ दिया एवं 1966 में स्थानीय स्वशासन विभाग का प्रभार संभाल लिया। कांग्रेस विभाजन के बाद फरवरी 1970 में दूसरी बार वे कांग्रेस पार्टी के समर्थन से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बने हालांकि राज्य में 2 अक्टूबर 1970 को राष्ट्रपति शासन लागू कर दिया गया था। निसंदेह एक कठोर कार्यपालक के रूप में ख्याति अर्जित करने वाले चौधरी चरण सिंह प्रशासन में अकुशलता भाई-भतीजावाद और भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं करते थे। 28 जुलाई 1979 विषम परिस्थितियों में चौधरी चरण सिंह के सिर पर प्रधानमंत्री का ताज सजा। मगर यह ताज कांटों भरा था। सदन में बहुमत साबित करने के दौरान इंदिरा गांधी ने अपना समर्थन वापस ले लिया और उनकी सरकार गिर गई। मजह 23 दिनों तक प्रधानमंत्री के पद पर काबिज रहे चौधरी चरण सिंह संसद का मुंह नहीं देख पाए। चौधरी चरण सिंह को 20 अगस्त 1979 को अपना इस्तीफा देना पड़ा लेकिन 14 जनवरी 1980 तक कार्यवाहक प्रधानमंत्री बने रहे।

# किसानों की बुलंद आवाज थे चौधरी चरण सिंह


रमेश सर्राफ धमोरा



**किसान दिवस (23 दिसम्बर) पर विशेष**

देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह व्यक्ति नहीं विचारधारा थे। चौधरी चरण सिंह ने हमेशा यह साबित करने की कोशिश की थी कि किसानों को खुशहाल किए बिना देश का विकास नहीं हो सकता। उनकी नीति किसानों व गरीबों के जीवन स्तर को ऊपर उठाने की थी। वे कहते थे कि देश की समृद्धि का रास्ता गांवों के खेतों और खलिहानों से होकर गुजरता है। उनका कहना था कि भ्रष्टाचार की कोई सीमा नहीं है। जिस देश के लोग भ्रष्ट होंगे वो देश कभी तरक्की नहीं कर सकता। चौधरी चरण सिंह का जन्म 23 दिसम्बर 1902 को गाजियाबाद जिले के नूरपुर गांव के चौधरी मीर सिंह के घर हुआ था। बाद में उनका परिवार नूरपुर से जानी खुर्द गांव आकर बस गया था। 1928 में चौधरी चरण सिंह ने आगरा विश्वविद्यालय से कानून की शिक्षा लेकर गाजियाबाद में वकालत प्रारम्भ की। 1930 में महात्मा गांधी द्वारा नमक कानून तोड़ने के समर्थन में चरण सिंह ने हिण्डन नदी पर नमक बनाया जिस पर उन्हें 6 माह जेल की सजा हुई। 1940 के व्यक्तिगत सत्याग्रह में भी चरण सिंह गिरफ्तार किये गये। 1942 में अगस्त क्रांति के माहौल में चरण सिंह को गिरफ्तार कर डेढ़ वर्ष की सजा हुई। जेल में ही चौधरी चरण सिंह की लिखित पुस्तक शिष्टाचार भारतीय समाज में शिष्टाचार के नियमों का एक बहुमूल्य दस्तावेज है।

चौधरी चरण सिंह खुद एक छोटे-से गांव में एक किसान के घर जन्मे थे। बचपन से ही उन्होंने गांव के किसानों, गरीबों के दुखः दर्द को नजदीकी से देखा जाना था। इसलिये उन्हें उनकी समस्याओं का बखूबी अहसास था। उनको जब कभी कहीं मौका मिलता वे गांव के किसानों की सेवा करने से नहीं चूकते थे। उनके दिल में हमेशा गांव के किसान ही बसे रहते थे। चौधरी चरण सिंह जीवन पर्यन्त गांधी टोपी धारण कर महात्मा गांधी के सच्चे अनुयायी बने रहे। उन्होने किसानों की खुशहाली के लिए खेती पर बल दिया था। किसानों को उनकी उपज का उचित दाम मिल सके इसके लिए भी वो बहुत गंभीर रहते थे। उनका कहना था कि भारत का सम्पूर्ण विकास तभी होगा जब किसान, मजदूर, गरीब सभी खुशहाल होंगे। चौधरी चरण सिंह की गिनती हमेशा एक ईमानदार राजनेता के तौर पर की जाती है। उन्होंने जीवन पर्यन्त किसानों की सेवा को ही अपना धर्म माना और अपने अंतिम समय तक देश के गांव में रहने वाले किसानों, गरीबों, दलितों, पीड़ितों की सेवा में ही पूरी जिंदगी गुजारी। चौधरी चरण सिंह जाति प्रथा के कट्टर खिलाफ थे।

चौधरी चरण सिंह को 1951 में उत्तर प्रदेश सरकार में न्याय एवं सूचना विभाग का कैबिनेट मंत्री बनाया गया। 1952 में डॉक्टर सम्पूणानंद के मुख्यमंत्रित्व काल में उन्हें राजस्व तथा कृषि विभाग का दायित्व मिला। एक जुलाई 1952 को उत्तर प्रदेश में उनके बदौलत जमींदारी प्रथा का उन्मूलन हुआ और गरीबों को खेती करने के अधिकार मिले। 1954 में उन्होने किसानों के हित में उत्तर प्रदेश भूमि संरक्षण कानून को पारित कराया। चरण सिंह स्वभाव से भी कृषक थे तथा कृषक हितों के लिए अनवरत प्रयास करते रहे। 1960 में चंद्रभानु गुप्ता की सरकार में उन्हें गृह तथा कृषि मंत्री बनाया गया। उत्तर प्रदेश के किसान चरण सिंह को अपना रहनुमा मानते थे। उन्होंने कृषकों के कल्याण के लिए काफी कार्य किए। लोगों के लिए वो एक राजनीतिज्ञ से ज्यादा सामाजिक कार्यकर्ता थे। उनके भाषण को सुनने के लिये उनकी जनसभाओं में भारी भीड़ जुटा करती थी।

किसानों में चौधरी साहब के नाम से मशहूर चौधरी चरण सिंह 3 अप्रैल 1967 में पहली बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बने थे। तब 1967 में पूरे देश में साम्प्रदायिक दंगे होने के बावजूद उत्तर प्रदेश में कहीं पत्ता भी नहीं हिल पाया था। 17 फरवरी 1970 को वे दूसरी बार मुख्यमंत्री बने। अपने सिद्धांतों से उन्होने कभी समझौता नहीं किया। 1977 में चुनाव के बाद जब केन्द्र में जनता पार्टी सत्ता में आई तो मोरारजी देसाई प्रधानमंत्री बने और चरण सिंह को देश का गृह मंत्री बनाया गया। केन्द्र में गृहमंत्री बनने पर उन्होंने अल्पसंख्यक आयोग की स्थापना की। 1979 में वे उप प्रधानमंत्री बने। बाद में मोरारजी देसाई और चरण सिंह के मतभेद हो गये। 28 जुलाई 1979 से 14 जनवरी 1980 तक चौधरी चरण सिंह समाजवादी पार्टियों तथा कांग्रेस के सहयोग से भारत के पांचवें प्रधानमंत्री बने।

चौधरी चरण सिंह एक कुशल लेखक भी थे। उनका अंग्रेजी भाषा पर अच्छा अधिकार था। उन्होंने कई पुस्तकों का लेखन भी किया। 29 मई 1987 को 84 वर्ष की उम्र में जब उनका देहान्त हुआ तो देश के किसानो ने सरकार में पैरवी करने वाला अपना नेता खो दिया था। लोगों का मानना था कि चरण सिंह से राजनीतिक गलतियां हो सकती हैं लेकिन चारित्रिक रूप से उन्होंने कभी कोई गलती नहीं की। इतिहास में उनका नाम प्रधानमंत्री से ज्यादा एक किसान नेता के रूप में जाना जाता है। चौधरी चरण सिंह ने ही भ्रष्टाचार के खिलाफ सबसे पहले आवाज बुलन्द करते हुये आह्वान किया था कि भ्रष्टाचार का अन्त ही देश को आगे ले जा सकता है।

अटल बिहारी बाजपेयी की सरकार ने 2001 में हर वर्ष 23 दिसम्बर को चौधरी चरण सिंह की जयंती को राष्ट्रीय किसान दिवस के रूप में मनाने की जो परम्परा शुरू की थी उससे जरूर उनको साल में एक दिन याद किया जाने लगा है। आज किसानों की हालात को देखकर चौधरी चरणसिंह जैसे देश के बड़े किसान नेता की याद आना स्वाभावित ही है। मौजूदा समय में चौधरी चरणसिंह जैसा नेता होता तो किसानों को उनका वाजिब हक मिलने से कोई नहीं रोक सकता था। चौधरी चरण सिंह जैसे किसानो के बड़े नेता द्वारा किसानों के हित में किये गये कायों को देखते हुये वर्षो पूर्व ही उनको भारत रत्न सम्मान मिलना चाहिये था। मगर सरकारों की अनदेखी के चलते उनको वर्षों तक उचित सम्मान नहीं मिल पाया। नरेन्द्र मोदी सरकार ने चौधरी चरण सिंह जैसे सच्चे बड़े व सच्चें किसान नेता को भारत रत्न प्रदान कर सच्ची श्रृद्धांजलि अर्पित की है। इससे देश के करोड़ों किसानों के साथ ही सरकार का भी सम्मान बढ़ा है।

# एक किसान नेता जब प्रधानमंत्री की कुर्सी पर बैठा!

**डॉ. श्रीगोपाल नारसन**



किसानो के मसीहा के रूप मे ख्यातिलब्ध रहे किसान नेता चौधरी चरण सिंह को देश कभी भुला नही पायेगा। वे राजनीतिक स्वच्छता और आदर्शो से पथप्रदर्शक रहे।उन्हें कुछ समय के लिए देश के पांचवें प्रधानमंत्री बनने का भी अवसर प्राप्त हुआ लेकिन फिर भी लालकिले की प्राचीर से उन्हें तिरंगा फैहराने का अवसर नही मिल पाया क्योकि उक्त अवसर आने से पहले ही उन्हें प्रधानमन्त्री की कुर्सी छोड़नी पड़ी। वह अपने पूरे राजनीतिक जीवन में किसानों के मुद्दों को उठाते रहे। इसलिए उन्हें किसान नेता कहा जाता था। सन1937 में मात्र 34 साल की उम्र में वे छपरौली (बागपत) से विधानसभा के लिए चुने गए और कृषकों के अधिकारो की रक्षा के लिए उन्होंने विधानसभा में एक बिल पेश किया। यह बिल किसानों द्वारा पैदा की गयी फसलों के विपणन से संबंधित था। इसके बाद इस बिल को भारत के तमाम राज्यों ने अपनाया। इसी बिल के पास होने के बाद चौधरी चरण सिंह की छवि एक किसान नेता के रूप में सामने आयी और वह किसानों के मसीहा बन गए और आज भी उन्हें उसी रूप मे याद किया जाता है।

चौधरी चरण सिंह का जन्म मेरठ जिले के नूरपुर गांव में 23 दिसंबर 1902 में हुआ था। उनकी प्रारंभिक शिक्षा नूरपुर गांव में ही हुई। इसके बाद मैट्रिकुलेशन के लिए उनका दाखिला मेरठ के सरकारी हाईस्कूल में करा दिया गया। साल 1923 में चरण सिंह ने विज्ञान विषय में स्नातक किया और दो साल बाद साल 1925 में उन्होंने कला वर्ग में स्नातकोत्तर की परीक्षा उत्तीर्ण की। इसके बाद उन्होंने आगरा विश्वविद्यालय से कानून की पढ़ाई की और फिर विधि की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद साल 1928 में गाजियाबाद में वकालत आरंभ की।

कांग्रेस के लाहौर अधिवेशन (1929) के बाद उन्होंने गाजियाबाद में कांग्रेस कमेटी का गठन किया। सन 1930 में सविनय अवज्ञा आन्दोलन के दौरान नमक कानून तोड़ने के लिए चरण सिंह को 6 महीने की सजा सुनाई गई। जेल से रिहा होने के बाद उन्होंने स्वयं को देश के स्वतन्त्रता संग्राम में पूर्ण रूप से समर्पित कर दिया। सन1940 में गांधीजी द्वारा किये गए व्यक्तिगत सत्याग्रह में भी चरण सिंह को गिरफ्तार किया गया। इसके बाद वे अक्टूबर 1941 में रिहा किये गये। इस दौरान चरण सिंह ने भूमिगत होकर गांव-गांव जाकर गाजियाबाद, हापुड़, मेरठ, मवाना, सरथना, बुलन्दशहर आदि के गांवों में घूम-घूमकर गुप्त क्रांतिकारी संगठन तैयार किया। जिससे उक्त क्षेत्र मे अंग्रेजो के विरुद्ध वातावरण तैयार हो पाया। जनता पार्टी में आपसी कलह के कारण मोरारजी देसाई की सरकार गिर गयी थी, इसके बाद कांग्रेस और सीपी आई के समर्थन से चौधरी चरण सिंह ने 28 जुलाई 1979 को प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। राष्ट्रपति नीलम संजीव रेड्डी ने उन्हें बहुमत साबित करने के लिए 20 अगस्त तक का वक़्त दिया पर इंदिरा गाँधी ने 19 अगस्त को ही अपने समर्थन वापस ले लिया । इस प्रकार संसद का एक बार भी सामना किए बिना चौधरी चरण सिंह ने प्रधानमंत्री पद से त्यागपत्र दे दिया था।

देश की आजादी के बाद चौधरी चरण सिंह ने अपने कैरियर की शुरूआत 1952 मे विधान सभा का चुनाव जीतकर की थी।इसके बाद वे 1962 और 1967 के विधानसभा चुनावों में जीतकर राज्य विधानसभा के लिए फिर से चुने गए। सन 1951 में उन्हें उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री का पद दिया गया जिसके अंतर्गत उन्होंने न्याय एवं सूचना विभाग का दायित्व सम्भाला। सन 1952 में डॉक्टर सम्पूणानंद के सरकार में उन्हें राजस्व तथा कृषि विभाग की जिम्मेदारी प्राप्त हुई। चरण सिंह स्वभाव व व्यवसाय से भी एक कृषक थे इसीलिए वे किसानों के हितों के लिए लगातार प्रयास करते रहे। सन 1960 में जब चंद्रभानु गुप्ता उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बने तब उन्हें कृषि मंत्रालय दिया गया। उत्तर प्रदेश राज्य की राजनीति से अपने कैरियर की शुरूआत करने वाले चौधरी चरण सिंह प्रधानमन्त्री की कुर्सी तक पहुंचने वाले पहले किसान नेता रहे। जो अपने निधन के बाद भी यादो के रूप मे जिंदा है।

# सत्य ही ईश्वर है: प्रेम, करुणा और भक्ति का मार्ग

**विनय कुमार तिवारी**



मनुष्य का जीवन आध्यात्मिक यात्रा का एक अभिन्न हिस्सा है, जिसका सर्वोत्तम उद्देश्य आत्मज्ञान प्राप्त करना और ईश्वर का साक्षात्कार है। इस यात्रा की शुरुआत तब होती है जब व्यक्ति सत्य को धारण करता है। सत्य का अर्थ केवल बाहरी जगत की वास्तविकता से नहीं है, बल्कि यह आंतरिक सत्य से जुड़ा हुआ है, जो आत्मा और ईश्वर के बीच की गहरी संबंध को व्यक्त करता है। शास्त्रों में कहा गया है कि सत्य हीं ईश्वर है, और जब मनुष्य इस सत्य को समझता और स्वीकार करता है, तब वह ईश्वर के अस्तित्व का साक्षात्कार करता है और अपने जीवन में एक नए आयाम की शुरूआत करता है। सत्य का पालन करने से मनुष्य के भीतर एक गहरी शांति और संतुलन का अनुभव होता है। यह शांति केवल बाहरी जगत से नहीं, बल्कि व्यक्ति के आंतरिक अस्तित्व से निकलती है।

सत्य को जानने के बाद, व्यक्ति जीवन को एक नए दृष्टिकोण से देखता है और अपने आंतरिक स्वभाव को समझता है। यही समझ उसे प्रेम और करुणा की भावना से भर देती है। जब व्यक्ति सत्य को जानता है, तो उसे यह समझ में आता है कि जीवन का उद्देश्य केवल भौतिक सुख-सुविधाओं की प्राप्ति नहीं है, बल्कि यह दूसरों के लिए प्रेम, सहानुभूति और करुणा का प्रसार करना है। प्रेम और करुणा का यह रूप केवल मानवता के लिए नहीं, बल्कि सम्पूर्ण प्राणियों के लिए होता है। सत्य के पथ पर चलते हुए व्यक्ति दूसरों के दुःख और कष्टों को महसूस करता है और उनके समाधान के लिए प्रयास करता है। उसकी सोच में कोई भेदभाव नहीं होता और वह सभी जीवों के प्रति एक समान प्रेम और सहानुभूति का भाव रखता है। यही वह अवस्था है, जब व्यक्ति अपनी आत्मा में भगवान की उपस्थिति को महसूस करता है और अपने जीवन को उनके चरणों में समर्पित कर देता है। भक्ति, जो कि ईश्वर के प्रति पूर्ण समर्पण और विश्वास का रूप है, सत्य के मार्ग पर चलने से अपने आप प्रकट हो जाती है। भक्ति का यह स्वरूप न तो बाहरी आचार-व्यवहार से जुड़ा होता है और न ही किसी भौतिक प्राप्ति से। यह केवल आंतरिक भावनाओं और श्रद्धा का परिणाम होती है। सत्य से प्रेम और करुणा का अनुभव करने के बाद व्यक्ति अपने हृदय में भगवान के प्रति भक्ति का अति गहरा भाव उत्पन्न करता है और यही भाव उसे ईश्वर के निकटता का अनुभव कराता है। सच्चिदानंद की प्राप्ति का अर्थ है सत्य, ज्ञान और आनंद का अद्भुत संगम। जब व्यक्ति सत्य का अनुसरण करता है, तब उसे न केवल आत्मिक शांति का अनुभव होता है, बल्कि वह जीवन के सभी भौतिक और मानसिक कष्टों से मुक्त हो जाता है। सच्चिदानंद की स्थिति वह होती है, जब व्यक्ति को न केवल आत्मा की शांति और शुद्धता का अनुभव होता है, बल्कि वह भगवान की उपस्थिति को हर परिस्थिति में महसूस करता है।

सत्य का अनुसरण करना केवल बौद्धिक स्तर पर नहीं, बल्कि आंतरिक स्तर पर आत्मा के शुद्धिकरण की प्रक्रिया है। सत्य की प्राप्ति से न केवल व्यक्ति के जीवन में परिवर्तन आता है, बल्कि वह अपने भीतर की गहराई और ब्रह्म के साथ अपने संबंध को समझता है। यही सच्चिदानंद की प्राप्ति का वास्तविक रूप है। इस प्रकार, सत्य, प्रेम, करुणा और भक्ति का एक गहरा संबंध है। जब व्यक्ति सत्य को अपने जीवन में धारण करता है, तब वह न केवल अपने आत्मा को शुद्ध करता है, बल्कि संसार के प्रत्येक प्राणी के साथ एकात्मता का अनुभव करता है। यही जीवन का वास्तविक अर्थ है और यही परम उद्देश्य है।

## आज का राशिफल

**मेष** : अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा।सहयोग की अपेक्षा रहेगी।

**वृष** : आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा।

**मिथुन** : कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए।

**कर्क** : परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव।

**सिंह** : व्यर्थ की भाग-दौड़ से बचा जाए तो अच्छा है। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

**कन्या** : आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**तुला** : आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्त्वपूर्ण कार्यों को आज ही निबटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। विरोध होने की संभावना है।

**वृश्चिक** : व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी।

**धनु** : खान-पान में विशेष सावधानी बरतें। मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा।

**मकर** : मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ रमणीय स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी।

**कुंभ** : शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी।

**मीन** : आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा।

# अन्नराज डैम प्राकृतिक सौंदर्य का एक अद्वितीय उदाहरण

संवाददाता

**गढ़वा।** जिले के सदर प्रखंड में स्थित अन्नराज डैम प्राकृतिक सौंदर्य का एक अद्वितीय उदाहरण है, जो विशेषकर दिसंबर और जनवरी के महीनों में पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बनता है। चारों ओर हरियाली से आच्छादित पहाड़ियां और शांत जलराशि मिलकर एक मनोहारी दृश्य प्रस्तुत करती हैं, जो आगंतुकों को मंत्रमुग्ध कर देती हैं। 1980 के दशक में सिंचाई परियोजना के रूप में निर्मित इस डैम के आसपास का क्षेत्र प्रारंभ में घने जंगलों से घिरा था, जिससे यहां लोगों का आना-जाना कम था। समय के साथ जंगलों के कम होने और डैम की सुंदरता के प्रति जागरूकता बढ़ने से पर्यटकों की संख्या में वृद्धि हुई है। विशेषकर नववर्ष के अवसर पर यहाँ गढ़वा शहर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग पिकनिक मनाने आते हैं।डैम के शांत जल में उगते और डूबते सूर्य की किरणें जब परावर्तित होती हैं, तो दृश्य नेतरहाट की सुंदरता की याद दिलाता है।



**जंगलों के कम होने और डैम की सुंदरता के प्रति जागरूकता बढ़ने से पर्यटकों की संख्या में वृद्धि हुई है**

हालांकि, कुछ माह पूर्व एक युवक की डैम में डूबकर हुई मृत्यु के बाद जल क्रीड़ा के लिए बोट की सुविधा बंद कर दी गई है।पर्यटकों की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए बुनियादी सुविधाओं की कमी अभी भी महसूस की जा रही है। पेयजल, स्वच्छता, बैठने की उचित व्यवस्था और सुरक्षा इंतजामों की आवश्यकता है, ताकि आगंतुकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। स्थानीय प्रशासन और पर्यटन विभाग को इन आवश्यकताओं पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए, जिससे अन्नराज डैम एक पूर्ण विकसित पर्यटन स्थल के रूप में उभर सके। अन्नराज डैम की प्राकृतिक सुंदरता और शांत वातावरण इसे पिकनिक और अवकाश के लिए एक आदर्श स्थान बनाते हैं। यदि आप झारखंड में हैं, तो इस स्थल की यात्रा अवश्य करें और प्रकृति की मनोहारी छटा का आनंद लें।

# झारखंड के एड वर्ल्ड कंपनी के नेशनल प्रमोटर को दिल्ली में मिला भारत बिजनेस अवार्ड

संवाददाता

**मेदिनीनगर।** झारखंड के ऐड ऑल्र्ड कम्पनी ऑनलाइन मार्केटिंग में पूरे भारत में परचम लहरा रहा है। यही कारण है कि ऐड ऑल्र्ड कंपनी के नेशनल प्रमोटर को मास्टर ऑफ एक्सीलेंस अवॉर्ड और उनके टीम को दिल्ली में भारत बिजनेस अवॉड्र्स मिला हैं। मास्टर ऑफ एक्सीलेंस अवॉर्ड और भारत बिजनेस अवॉड्र्स ताईकी मीडिया लिमिटेड के द्वारा दिया गया है। इस अवाड्र्स समारोह में देश भर से कई बिजनेसमैन शामिल हुए थे। ऐड ऑल्र्ड के नेशनल प्रमोटर असित चक्रवर्ती ने बताया कि हमारी कंपनी 5 साल पहले झारखंड के रांची से शुरुआत की थी। आज पूरे भारत में हमारी कंपनी का अलग पहचान बन गया है, हालांकि असित चक्रबर्ती ने बताया कि हमारी टीम 25 सालों से नेटवर्किंग के काम कर रही है। उन्होंने बताया कि आज इस कंपनी में झारखंड उड़ीसा, बंगाल , छत्तीसगढ़, तमिलनाडु, कर्नाटक मध्यप्रदेश, तेलंगाना, राजस्थान, गुजरात और अन्य कई राज्यों के लोग काम कर रहे हैं, उन्होंने बताया कि ऐड ऑल्र्ड कम्पनी पर्सनल केयर ,आयुर्वेद केयर और किचन केयर पर काम कर रही है। आज इस कंपनी को देशभर लोगों का काफी प्यार मिल रहा है।



## संक्षिप्त खबरें

### एसपी के निर्देश पर ट्रैफिक प्रभारी ने चलाया ड्रिंक एंड ड्राइव चेकिंग अभियान

**मेदिनीनगर।** पलामू एसपी के निर्देश पर नए वर्ष के आगमन को लेकर ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद के नेतृत्व में शनिवार की देर शाम शहर के सदिक चौक पुल के पास ड्रिंक एंड ड्राइव चेकिंग अभियान चलाया। पुल पर ड्रिंक एंड ड्राइव चले अभियान में 4 दो पहिया वाहन चालक शराब के नशे में पकड़े गए। पलामू एसपी के निर्देश पर ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद के द्वारा करीब दो घंटे से अधिक समय तक अभियान चलाया गया। इस दौरान उक्त मार्ग से होकर गुजरने वाले वाहनों के चालक और वहां पर पीछे बैठे लोगों की ब्रेथ एनालाइजर मशीन से जांच की गई। मौके पर उपस्थित ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद ने शराब पीकर दो पहिया और चार पहिया वाहन नहीं चलाने का आह्वान पलामूवासियों से किया है।

### वैध बालु उठाव को चालू न कर अवैध बालू उठाव की संरक्षण दे रहे डीएमओ : रूचिर



**मेदिनीनगर।** अवैध रूप से बालू का पैसा उगाही करने के लिए अपने जान पर खेल रहे हैं। खनन इंस्पेक्टर उक्त बातें भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव रूचिर कुमार तिवारी ने कहा। उन्होंने प्रेस बयान जारी करिया कहां की एनजीटी द्वारा बालू उठाओ की समय सीमा खत्म होने के बावजूद भी खनन पदाधिकारी एवं जिला प्रशासन ने पलामू जिला में आम अवाम को घर बनाने के लिए बालू सस्ते एवं सुलभ दर में कैसे उपलब्ध हो इसकी कोई पहल नहीं किया, लिहाजा आम लोगों को घर बनाने के लिए भी बालू के किल्लत होने लगा। वही बालू समय पर चालू नहीं होने के कारण हजारों लोगों का रोजगार छिन गया। नौजवान मजदूर बेरोजगारी का दंश झेल रहे हैं। वही ट्रैक्टर मलिक छड़ व्यवसायी सीमेंट व्यवसायी इट व्यवसायी का भी हाल काफी खराब है। ऐसी स्थिति में रोजगार सृजन नहीं हो पाने के कारण लोग अवैध रूप से बालू का चोरी कर अपना पेट पाल रहे हैं, लेकिन खनन पदाधिकारी को उस अवैध रूप से चोरी किए गए बालू में हिस्सा नहीं मिलने के कारण अर्ध रात्रि में गए जिसका नतीजा उन पर या हमला है।

### ट्रेन की चपेट में आकर वृद्ध व्यक्ति की मौत

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के बेलवाटिकर निवासी सुरेश राम उम्र 65 वर्ष की ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गई। इस घटना के बारे में परिजनों ने बताया कि शनिवार की सुबह करीब 11:00 बजे सुरेश राम अपने घर से रेलवे स्टेशन पर कही जाने के लिए ट्रेन पकड़ने गए थे। इसी दौरान रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म संख्या दो पर ट्रेन की चपेट में आकर वह गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद जीआरपी थाना की पुलिस द्वारा घायल को इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के बाद भी सुरेश राम की स्थिति गंभीर बनी हुई थी। इसके बाद जीआरपी थाना की पुलिस द्वारा घटना की जानकारी परिजनों को दी गई।

### ट्रक से कार टकराया एक की मौत, दो घायल

**गढ़वा।** अंबिकापुर मार्ग पर शनिवार को कर एवं ट्रक के टक्कर में कर पर सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि महिला सहित दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, मृतक विश्रामपुर थाना क्षेत्र के भंडार गांव निवासी कुणाल पांडे 40 वर्ष बताया गया है। घायलों में सोनपुरवा मोहल्ला निवासी पप्पू सोनी तथा छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले के रामानुजगंज निवासी राधिका देवी कोई इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है, घटना के संबंध में बताया गया कि एक कार पर तीनों सवार होकर छत्तीसगढ़ की ओर जा रहे थे। इसी क्रम में लालकोरिया के पास विपरीत दिशा से आ रही ट्रक से कार की टक्कर हो गई। घटना के बाद आसपास के लोगों में सहयोग से तीनों घायलों को रंग का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।

### लेबर सप्लायर ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**गढ़वा।** गढ़वा थाना क्षेत्र अंतर्गत शहर के चिनियां रोड स्थित नेहरू नगर में रहने वाले ओडिसा निवासी एक लेबर सप्लायर ने शनिवार की देर शाम फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मृतक विश्वजीत जेना 26 वर्ष पिता करुणाकर जेना ओडिसा राज्य के भद्रक जिला अंतर्गत गुजीदरहा थाना क्षेत्र के डारीशाही गांव का रहने वाला था। गढ़वा में कार्य कर रहे रोड कंस्ट्रक्शन कंपनियों में लेबर सप्लायर था। नेहरू नगर स्थित उसके किराए के मकान के आसपास के लोगों से मिली सूचना पर पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर उसके शव को अपने कब्जे में ले लिया। साथ ही मृतक के परिजनों को इस घटना की सूचना दिया है। उसके परिजन रविवार को गढ़वा पहुंचेंगे।

### नर्तकी पूजा कुमारी की गोली मारकर हत्या

**मेदिनीनगर।** हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के नर्तकी मुहल्ले में गोली चली, जिसमें एक नर्तकी पूजा कुमारी की गोली लगने से मौके पर ही मौत हो गई है। गोली चलने की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर छानबीन में जुट गई। जानकारी के अनुसार प्रेम प्रसंग में गोली चली है। नर्तकी पहले किसी और से प्यार करती थी। उसके बाद उसे छोड़कर दूसरे से प्रेम करने लगी। इसी को लेकर आशिक ने नर्तकी पर गोली चलाई, जिसमें उसकी मौत हो गई।

## न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव ने केंद्रीय कारा का किया निरीक्षण

# बन्दियों के हित में दिए कई दिशा-निर्देश

संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव रविवार को केंद्रीय कारा का निरीक्षण किया। पीडिजे ने जेल की स्थितियों का जायजा लिया व बन्दियों के हित मे कई निर्देश दिए। उन्होंने जेल में बंद बन्दियों के लिए आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड, व राशन कार्ड बनाने के लिए जेल में कैम्प लगाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आयुष्मान कार्ड बन जाने से सरकारी अस्पताल के अलावे आयुष्मान कार्ड वाले हॉस्पिटल में लोगों को पांच लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज का सुबिधा मिलेगा। उन्होंने कहा कि आज 31 लोगो को पहले फेज में आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए लोगो को चिन्हित किया गया है। बन्दियों के परिजन को राशन कार्ड आधार कार्ड व मोबाइल के साथ बुलाया गया हैं ताकि लोगों का आयुष्मान कार्ड बन सके।

बन्दियों ने आधार कार्ड नहीं होने, राशन कार्ड से नाम डिलीट करने की जानकारी दी। पीडीजे ने काराधीक्षक भगीरथ करजी को आधार कार्ड बनाने हेतु कैम्प लगाने व राशन कार्ड में नाम जुड़वाने को ले निर्देश दिया। पीडीजे ने बन्दियों से अधिवक्ता के बारे में जानकारी प्राप्त किया। बन्दियों ने बताया कि सभी लोग अधिवक्ता है। कुछ लोग प्राइवेट व कुछ लोग को डालसा से एल ए डी सी के अधिवक्ता मिले हैं । उन्होंने कहा कि कोई भी बन्दी बिना अधिवक्ता के नहीं रहे। आप अधिवक्ता रखने में सक्षम नहीं है तो डालसा में बन्दी आवेदन भेजवाये मुफ्त वकील कस व्यवस्था दिया जाएगा। पीडीजे ने बन्दियों को आयुष्मान कार्ड बनाये जाने के उद्देश्य उसके लाभ के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि जिले के सभी बन्दी का आयुष्मान कार्ड बनाया जाएगा। इसका शुरूआत आज से हो गया हैं। बिदित हो कि झालसा के दिशा निर्देश व पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में आयुष्मान कार्ड बनवाये जाने हेतु शिविर का आयोजन किया गया था।बॉक्स

**● पांच लाख रुपए तक की मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी**

**● कैम्प लगाने व राशन कार्ड में नाम जुड़वाने को लेकर निर्देश दिया**



मेदिनीनगर, बन्दियों ने खुलकर रखा अपनी बात।

प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव के जेल निरीक्षण के क्रम में बन्दियों ने खुलकर अपनी बात रखा। पीडीजे ने बन्दियों के सवाल का उत्तर भी दिया। पीडिजे ने कहा कि हम अभी केस का मैरिट डिसाइड करने नही आये है । हम आपकी समस्या जानने आये हैं। अगर आपको जेल में कोई समस्या है तो आप बता सकते हैं। जिनका जमानत आवेदन,अपील या रिवीजन नहीं फाइल हैं उनको डालसा के माध्यम से फाइल कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि एल ए डी सी के अधिवक्ता सप्ताह के सभी दिन जेल में आते हैं आप इनसे भी अपने केस के स्टेटस पता लगा सकते है। ये अधिवक्ता सिर्फ आपलोगों के लिए ही उपलब्ध कराए गए है। उन्होंने कहा कि बीमार व मानसिक रूप से कमजोर लोगो पर विशेष ध्यान दे।उन्होंने एक एक वार्ड इंचार्ज से भी बात किया।

इस मौके पर सीजेएम आनंद सिंह, काराधीक्षक भगीरथ करजी,जेलर प्रमोद कुमार, लीगल एड डिफेन्स काउंसिल के चीफ अमिताभ चंद सिंह, डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय,असिस्टेंट वीर विक्रम वक्स राय, पुष्कर राज, कुमारी नीतू सिंह, डालसा कार्यालय के असिस्टेंट संजीव सिंह,के अलावे जेल पीएलभी ,जेल कर्मी समेत दर्जनों बन्दी उपस्थित थे।

## सांसद ने किया भाजपा के सदस्यता अभियान का शुभारंभ

# संगठन को और सशक्त और मजबूत बनाने की आवश्यकता है : बीडी राम

संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने चैनपुर प्रखंड स्थित बाजार क्षेत्र मे भाजपा के सदस्यता अभियान का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने मौके पर उपस्थित सैकड़ो लोगों को 8800002024 नम्बर पर मिस कॉल करवाते हुए उन्हें प्राथमिक सदस्य भी बनाया। उन्होंने भाजपा पार्टी से जुड़ने के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि क्यों लोगों को इसकी प्राथमिक सदस्यता ग्रहण करनी चाहिए। उन्होंने कहा भाजपा का सदस्यता महापर्व शुरू हो चुका है, यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की अगुवाई में देश की प्रगति को और तेज रफ्तार देने के लिए हमें इस संगठन को और सशक्त और मजबूत बनाने की आवश्यकता है उन्होंने अधिकाधिक लोगों को न सिर्फ प्राथमिक सदस्य बनने हेतु आह्वाहन किया बल्कि उपस्थित सैकड़ों लोगों को इसकी सदस्यता भी ग्रहण करवाई। उन्होंने कहा हमारी पार्टी दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी तो है ही साथ ही राजनीतिक दलों में अनूठी पार्टी भी है। कोई राजनीतिक दल लोकतांत्रिक तरीके से हर 6 साल में सदस्यता अभियान नहीं करता। भाजपा अकेली ऐसी पार्टी है, जिस पर हमें गर्व है। उन्होंने सभी को प्राथमिक सदस्यता ग्रहण करने के बाद कम से कम अन्य 50 लोगों को भी इस अभियान के तहत सदस्य बनाने का अनुरोध किया। कहा कि 50 से अधिक सदस्य बनाने वाले लोग सक्रिय प्राथमिक सदस्य के रूप मे जाने जायेंगे। मौके पर प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह, प्रमंडलीय प्रभारी विकास प्रीतम, जिला अध्यक्ष अमित तिवारी, प्रथम महापौर अरुणा शंकर, जिला परिषद सदस्य प्रमोद, ज्योति, विजय, शिव कुमार, आदि समेत सैकड़ो लोग उपस्थित थे।



# बालू माफिया ने खान निरीक्षक पर किया हमला

संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के पाटन थाना क्षेत्र अंतर्गत जिंजोई नदी में बालू माफिया ने खान निरीक्षक शुभम कुमार पर हमला कर दो ट्रैक्टर छुड़ा ले गये। हालांकि खनन विभाग मौके से एक ट्रैक्टर जब्त करने में सफल रहा। इस संबंध में शनिवार को चार नामजद समेत अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। एक आरोपी जितेंद्र प्रसाद को गिरफ्तार कर लिया गया है।

खान निरीक्षक शुभम कुमार की प्राथमिकी के अनुसार 20 दिसंबर की रात सगुना गांव के रंजीत सिंह के माध्यम से सूचना दी गयी कि विकुआ जिंजोई नदी से स्थानीय ग्रामीणों द्वारा ट्रैक्टरों के माध्यम से अवैध बालू का खनन किया जा रहा है। सूचना के आलोक में खान निरीक्षक शुभम कुमार के नेतृत्व में एक टीम को मौके पर भेजा गया। मौके से तीन ट्रैक्टर बालू उठाते दिखे, लेकिन जांच टीम को देखते ही पास में छिपे तीन ट्रैक्टर चालक व सह चालक तथा अज्ञात मालिक व स्थानीय अवैध तस्कर वहां से दो वाहन ले गये। पास के ईंट भट्ठे से हमला किया गया। एनबी लिखे ईंटों से पथराव किया गया।

किसी तरह गाड़ी में छिपकर जान बचायी गयी। बाद में पाटन थाने से अतिरिक्त पुलिस बुलाकर कार्रवाई की गयी। इस क्रम में एक बालू लदा ट्रैक्टर जब्त किया गया। डीएमओ सुनील कुमार ने शनिवार की शाम बताया कि अवैध बालू उत्खनन की सूचना मिलने पर खनन विभाग की टीम जिंजोई नदी गयी थी। इस क्रम में तीन बालू लदे ट्रैक्टर पकड़े गये, लेकिन बालू माफियाओं ने ईंट-पत्थर से हमला कर दो ट्रैक्टर छुड़ा लिए। इस संबंध में पाटन थाने में केल्हार के जितेंद्र प्रसाद, फुसना के पंकज पांडेय और साकिनपीढ़ी के सतीश सिंह, सह चालक अजय सिंह समेत तीन लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पाटन थाने की पुलिस छापेमारी कर रही है।



# उत्पीड़न के खिलाफ डीसी कार्यालय मेदिनीनगर के समक्ष धरना-प्रदर्शन होगा : उत्पीड़न विरोधी मोर्चा

संवाददाता

**मेदिनीनगर।** झारखण्ड क्रांति मंच के संस्थापक सह केन्द्रीय अध्यक्ष एवं उत्पीड़न विरोधी मोर्चा पलामू के संयोजक मंडल के सदस्य शत्रुघ्न कुमार शत्रु एवं जन संग्राम मोर्चा के केन्द्रीय अध्यक्ष व उत्पीड़न विरोधी मोर्चा के संयोजक मंडल के सदस्य युगल किशोर पाल ने आज पाटन प्रखण्ड के गहरपथरा में ग्रामीणों की बैठक कै बाद प्रेस बयान जारी कर कहा है कि कल दिनांक 23 दिसंबर 2024 दिन सोमवार को प्रातः 11 बजे से उत्पीड़न विरोधी मोर्चा पलामू के बैनर तले संविधान निर्माता परमपूज्य बोधिसत्व बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी के खिलाफ केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा संसद में अपमानजनक टिप्पणी करने व अबुआ राज में पलामू में बढ़ते भीषण पुलिसिया दमन व उत्पीड़न के खिलाफ अम्बेडकर पार्क मेदिनीनगर से विशाल प्रतिरोध मार्च प्रारम्भ होकर आक्रोशपूर्ण जन प्रदर्शन में तब्दील हो जाएगा। बयान में नेताओं ने कहा है कि जन प्रदर्शन के बाद आयोजित विशाल एकदिवसीय धरना स्थल पर केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह की बाबा साहेब के खिलाफ टिप्पणी, नई कृषि बाजार व विपणन नीति 2024 का उग्र विरोध के साथ गहरपथरा के कौशिक रंजन हत्याकांड की सीबीआई जांच कर हत्यारों को शीघ्र गिरफ्तार करने, पाण्डू के कजरूकला व कुटमु में पाण्डू थाने के घोर दलित विरोधी थाना प्रभारी सौरभ कुमार द्वारा दलित महिला/पुरुषों की बर्बर पीटाई व जेल भेजने के खिलाफ एससी एसटी एक्ट में कार्रवाई करने, कजरूकला के ललन राम व उनके भाईयों के घर को बुलडोजर से गिरवानै की जांच कर कार्रवाई करने व अविलंब जमीन व अंबुजा आवास उपलब्ध करवाने, पाटन के सगुना में पुरुष पुलिसकर्मियों द्वारा दलित महिलाओं की बर्बर पिटाई कराने वाले व कौशिक रंजन हत्याकांड की लीपापोती के साथ पाटन इमली के जयमंगल राम द्वारा एससी एसटी एक्ट में दर्ज मामले में आजतक किसी को भी गिरफ्तार नहीं करनै वाले नागरिक व मानवाधिकारों का चोर विरोधी पाटन थाना प्रभारी के खिलाफ एससी एसटी एक्ट में कार्रवाई समेत दलित, आदिवासी, पिछड़ा व अल्पसंख्यको पर बढ़ते जुल्मों के खिलाफ वक्तागण अपनी बात को रखेंगे।

इसके बाद उपायुक्त के माध्यम से राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री व डीजीपी झारखण्ड को ज्ञापन सौंपा जाएगा। बयान में नेताओ ने पलामू जिले के सभी प्रबुद्ध जनों से आन्दोलन में भाग लेने का अनुरोध किया है।



# विकास की बाट जोह रहे गांवों तक पहुंची वरदान चैरिटेबल की टीम

संवाददाता

**मेदिनीनगर।** किसी भी मौसम का आनंद हम तभी ले पाते हैं जब पेट में भरपेट भोजन और शरीर पर मौसम अनुकूल भरपूर वस्त्र हों! निश्चय ही ठंड का मौसम बेहद खुशगवार लगता है लेकिन सिर्फ उनके लिए जिनके तन पर भरपूर कपड़े हों और सिर पर छत हो। पलामू के सुदूरवर्ती गांव का दौरा करते समय हमें बहुत से परिवार ऐसे मिले जो किसी तरह अपना पेट तो भर लेते हैं पर उनके पास वस्त्र और आवास की कमी है। ऐसे लोगों को राहत देने का कार्य करती है वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट की कपड़ा बैंक ईकाई। आज संडे अभियान के तहत टीम वरदान सतबरवा के ठेमा गांव के भुईयां टोली पहुंची। जहां सैकड़ों जरूरतमंदों के बीच जींस, टीशर्ट, पाजामा, शर्ट, फ्रॉक, साड़ी, सलवार समीज, जैकेट, कार्डिगन, टोपी, मफलर, शॉल, मोजा, स्कार्फ और कंबल का वितरण किया गया। इस मौके पर टीम वरदान के कार्यकर्ताओं ने लोगों को साफ सुथरा रहने और अपने बच्चों को नजदीक के स्कूल में अवश्य भेजने की सलाह दी।संस्था की सचिव शर्मिला वर्मा ने सभी को आधार कार्ड बनवाने और सरकारी सुविधाओं का लाभ उठाने की अपील की ताकि उनका जीवन बेहतर बन सके।



मौके पर उपस्थित फरहा नाज, कंचन गुप्ता,लक्ष्य श्रेष्ठ, विवेक वर्मा, प्रमिला साहू, अमन कुमार, महेश साहू आदि ने वितरण कार्य में भरपूर सहयोग दिया और संस्था के कार्यों से ग्रामीणों को अवगत कराया। विकास की बाट जोहता सतबरवा के ठेमी गांव का भुईयां टोला हमारे माध्यम से यहां के जनप्रतिनिधियों की नजर में आए और यहां के लोगों की जीवन स्तर सुधरे यही टीम वरदान की कामना है।


## संक्षिप्त खबरें

### मेलबर्न टेस्ट में अहम भूमिका निभाएंगे विराट कोहली : बांगड़



**नई दिल्ली।** पूर्व क्रिकेटर संजय बांगड़ ने कहा है कि मेलबर्न में मेजबान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले चौथे क्रिकेट टेस्ट मैच में विराट कोहली अहम भूमिका निभाएंगे। बांगड़ ने कहा कि विराट ने अतीत में भी मेलबर्न मैदान (एमसीजी) पर काफी रन बनाये हैं। ऐसे में वह इस बार भी अवसर का इस्तेमाल करते हुए बड़ी पारी खेलेंगे। साथ ही कहा कि विराट के पास इस अवसर का उपयोग कर लय हासिल करना रहेगा। वह एक बार फिर अपने पर कायम भरोसे को बरकरार रखेंगे। इस सीरीज में अब तक कोहली का फॉर्म मिला-जुला रहा है। पर्थ में उनके शतक ने भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई पर इसके अलावा वह कोई बड़ी पारी नहीं खेल पाये। 6 पारियों में 30 की औसत से केवल 126 रन बनाने वाले कोहली निरंतरता के लिए जाने जाते हैं जिसमें वह विफल रहे। अपने पर्थ शतक को छोड़कर उन्होंने 5 पारियों में केवल 26 रन बनाए हैं। टेस्ट सीरीज में कोहली एक बार फिर से ऑफ-स्टंप के बाहर की गेंदों पर विकेट गंवाते दिखे हैं।

### खेलों से नयी ऊर्जा मिलती है: देवनानी



**अजमेर।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि खेलों से नयी ऊर्जा मिलती है, लिहाजा खेल को नियमित दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। श्री देवनानी शनिवार को अजमेर के पटेल मैदान पर कार्मिक विभाग के तत्वाधान में आयोजित 11वीं राजस्थान राज्य अंतर संभागीय सिविल सेवा खेलकूद प्रतियोगिता 2024-25 के शुभारंभ के बाद बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि खेल प्रत्येक व्यक्ति के लिए आवश्यक है। राजकीय सेवा में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों को खेलों में अवश्य भाग लेना चाहिए। अधिकतर समय राजकीय कार्य में व्यस्त रहने से अपने लिए कम समय मिलता है। खेल उन्हें अपने लिए समय निकालने का अवसर देते हैं। वे खेल के माध्यम से नई ऊर्जा से सराबोर होंगे। यह ऊर्जा उनके दैनिक जीवन को अधिक कार्यशील करेगी। वे अपने कर्तव्यों का भली-भांति निर्वहन कर सकेंगे। श्री देवनानी ने कहा कि खेल व्यक्ति के तन-मन और जीवन को स्वस्थ रखते हैं।

### रोहित और आकाश अभ्यास सत्र में हुए चोटिल



**मेलबर्न।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और तेज गेंदबाज आकाश दीप को रविवार को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) में अभ्यास करते हुए चोट लग गई। यह घटना उस समय हुई जब रोहित स्पिन गेंदबाजी के खिलाफ अभ्यास कर रहे थे। इस दौरान पुल शॉट खेलने के प्रयास में अपने बाएं घुटने पर चोट लगा बैठे। टीम के फिजियो ने तुरंत कप्तान का इलाज किया और सूजन को कम करने के लिए उनके बाएं घुटने पर बर्फ लगाई। वही तेज गेंदबाज आकाश दीप को बल्लेबाजी के दौरान हाथ में चोट लग गई है। बाद में हुए संवाददाता सम्मेलन में आकाश दीप ने कहा जब आप क्रिकेट खेलते हैं तो ऐसी चोटें तो लगती रहती हैं। मुझे लगता है यह अभ्यास विकेट सफेद गेंद के लिए थी, यही वजह थी कि कई बार गेंद नीचे रह रही थी। लेकिन ये सब अभ्यास सत्र में सामान्य बात है, किसी भी तरह की कोई गंभीर समस्या नहीं है। उन्होंने कहा जिस समय हम बल्लेबाजी के लिए आते हैं, उस समय 20-30 रन बनाना बहुत महत्वपूर्ण होता है। मेरी मानसिकता यह है कि मैं किसी भी तरह से टीम के लिए योगदान दे सकूं। उस दिन मैंने फॉलोऑन बचाने के बारे में नहीं सोचा था, मैं बस आउट नहीं होना चाहता था और जब आप उस स्थिति से अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो इससे आत्मविश्वास मिलता है और मैं फिर बहुत खुश था।

# भारतीय महिला अंडर-19 टीम ने बंगलादेश को 41 रनों से हराया

● भारतीय टीम ने पहले संस्करण का खिताब अपने नाम किया
● भारतीय टीम की ओर से सबसे ज्यादा रन सलामी बल्लेबाज गोंगाडी त्रिशा ने बनाए




**कुआलालम्पुर (मलेशिया)। एजेंसी**

भारतीय महिला अंडर 19 टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहली बार आयोजित महिला अंडर 19 एशिया कप 2024 का खिताब अपने नाम कर लिया है। रविवार को मलेशिया के कुआलालम्पुर में खेले गए फाइनल मैच में भारतीय टीम ने बांग्लादेश महिला अंडर 19 टीम को 41 रनों के बड़े अंतर से हरा दिया। फाइनल मुकाबले में भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 117 रन का स्कोर बनाया। इसके जवाब में बांग्लादेश की टीम सिर्फ 76 रन के स्कोर पर ढेर हो गई। इस तरह भारतीय टीम ने पहले संस्करण का खिताब अपने नाम किया। फाइनल मुकाबले में बांग्लादेश महिला अंडर 19 टीम ने टॉस जीता और गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में सात विकेट के नुकसान पर 117 रन बनाए। भारतीय टीम की ओर से सबसे ज्यादा रन सलामी बल्लेबाज गोंगाडी त्रिशा ने बनाए।

उन्होंने 47 गेंदों पर 52 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। त्रिशा के अलावा मिथिला विनोद ने 17 रन, कप्तान निकी प्रसाद ने 12 रन, आयुषी शुक्ला ने 10 रन और जी कमालिनी ने 5 रन का योगदान दिया। बांग्लादेश की तरफ से फरजाना इस्मिन ने सबसे ज्यादा चार विकेट लिए, जबकि निशिता अक्तेर निशि को दो और हबीबा इस्लाम को एक विकेट मिला।



इसके बाद 118 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बांग्लादेश महिला अंडर 19 टीम 18.3 ओवर में 76 रनों पर ऑलआउट हो गई। टीम के लिए जुएरिया फिरदौस ने 30 गेंदों पर सबसे ज्यादा 22 रन बनाए और सलामी बल्लेबाज फहोमिदा चोया ने 18 रन बनाए। इनके अलावा बाकी की कोई बल्लेबाज दोहरे अंकों तक भी नहीं पहुंच सकीं। भारतीय टीम की ओर से स्पिनर आयुषि शुक्ला ने सबसे ज्यादा तीन विकेट लिए। सोनम यादव और परुणिका सिसोदिया ने दो-दो विकेट लिए, जबकि वीजे जोशिथा को एक विकेट मिला।

## राष्ट्रीय नेटबॉल प्रतियोगिता में चयनित पांच खिलाड़ियों को डीएम ने किया रवाना



**सहरसा। एजेंसी**

राष्ट्रीय नेटबॉल प्रतियोगिता में चयनित मध्य विद्यालय मोहनपुर के पांच खिलाड़ियों को डीएम ने रविवार को बेहतर प्रदर्शन के लिए सम्मानित कर रवाना किया। राष्ट्रीय नेटबॉल प्रतियोगिता में सहरसा जिला के सिमरी बख्तियारपुर अंतर्गत मध्य विद्यालय मोहनपुर के u-14 बालिका वर्ग में चयनित स्मृति कुमारी, पिता बिजेंद्र चौधरी एवं राजनंदनी कुमारी, पिता अमोद कुमार राय और u-14 बालक वर्ग में अंकित कुमार, पिता धीरेन्द्र राय को जिला पदाधिकारी वैभव चौधरी के द्वारा सम्मानित करते हुए सहरसा जिला से लगातार दूसरी बार राष्ट्रीय खेल में भाग लेने और बेहतर प्रदर्शन हेतु सम्मानित कर रवाना किया गया। बधाई देते हुए जिला पदाधिकारी महोदय ने कहा कि यह सहरसा जिला के लिए गर्व की बात है। वहीं जिला खेल पदाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार चौधरी ने खिलाड़ियों को बधाई और शुभकामनाएं दी।

मौके पर नेटबॉल संघ के जिला अध्यक्ष आनन्द कुमार झा, संरक्षक प्रमोद कुमार झा, सचिव राजकिशोर गुप्ता, संयुक्त सचिव राजेश कुमार, कोषाध्यक्ष ब्रजेश कुमार, मो. सद्दाम हुसैन उपस्थित रहे। वहीं मिथिला स्पोर्ट्स एकेडमी के अध्यक्ष शैलेश झा, सचिव शशिभूषण, प्रधानाध्यापक राघव कुमार सिंह,प्रणव प्रेम, विकाश भारती, निर्भय कुमार झा,पुनीता कुमारी, जितेंद्र कुमार, मनीष कुमार खान, बदरे आलम आदि ने भी शुभकामनाएं दी।

## फिट इंडिया संडे ऑन साइकिलिंग को मांडविया ने दिखाई हरी झंडी

**नयी दिल्ली। एजेंसी**



स्वास्थ्य के प्रति लोगों में जागरुकता बढ़ने के कार्यक्रम फिट इंडिया संडे ऑन साइकिलिंग की पहल को केंद्रीय खेल मंत्री डॉ मनसुख मांडविया ने रविवार सुबह मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम से हरी झंडी दिखाई। यहां आयोजित इस कार्यक्रम में केंद्रीय सुरक्षा पुलिस बल (सीआरपीएफ), मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम मेंभारत तिब्बत सिमा पुलिस (आईटीबीपी), खेल प्राधिकरण के कैम्पर्स, इंदिरा गाँधी स्टेडियम के युवा जिम्नास्ट , वरिष्ठ अधिकारी और दिल्ली के विभिन्न साइकिलिंग क्लबों के 500 से अधिक राइडर्स पूर्व डब्ल्यू डब्ल्यू ई स्टार शंकी ने शिरकत की। इस अवसर पर श्री मांडविया ने कहा किह्यफिट इंडिया संडे ऑन साइकिलिंगह्ल पहल पूरे भारत में 1100 से अधिक स्थानों पर आयोजित की जा रही है। इस साइकिलिंग अभियान की शुरूआत ने साइकिलिंग के प्रति जागरूकता को बेहद तेजी से फैलाया है।

उन्होंने कहा साइकलिंग आज की आवश्यकता है। विकसित भारत का सपना एक व्यक्ति की आवश्यकता पर आधारित है, जो एक स्वस्थ समाज बनाता है और अंततः यह एक स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण करता है। साइकिलिंग के लाभ फिट इण्डिया आंदोलन के सन्देश को भी मजबूत करते हैं जिसे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 2019 में लांच किया था। इस कार्यक्रम में सीआरपीएफ और आईटीबीपी के कई साइकिलिस्ट भी शामिल हुए जिन्होंने इस पहल में भाग लेकर फिटनेस और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए खुशी व्यक्त की। सीआरपीएफ के महानिदेशक अनीश दयाल सिंह ने कहा सीआरपीएफ अपने बल की शरीक फिटनेस को सर्वोपरि मानता है।

## खो-खो विश्वकप में स्कूली बच्चों को मिलेगा चाय, नाश्ता

**नयी दिल्ली।** अगले माह 13 जनवरी से नयी दिल्ली और नोएडा में होने वाले खो खो विश्वकप में स्कूली बच्चों को स्टेडियम में मुफ्त प्रवेश के साथ चाय, नाश्ता भी मिलेगा। खो खो फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष और विश्वकप आयोजन समिति के चेयरमैन सुधांशु मित्तल ने बताया कि खेल प्रेमियों और खिलाडियों के लिए खो खो वर्ल्ड कप 2025 के दौरान महिला और पुरुष वर्ग दोनों मैचों में दर्शकों का प्रवेश मुफ्त होगा। उन्होंने बताया कि मैचों के दौरान स्कूली बच्चों को चाय, बिस्किट, स्नैक्स आदि भी वितरित किये जायेंगे। उन्होंने बताया कि यह मेगा प्रतियोगिता 13 जनवरी को शुरू होगी और उद्घाटन का पहला मैच इन्दिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में भारत और पाकिस्तान के बीच खेला जायेगा। खो खो गेम के प्रति युवाओं की रूचि बढ़ाने के लिए खो खो फेडरेशन ने डी ए वी स्कूलों और बाल भारती स्कूलों प्रबंधकों के साथ अनुबंध किया है जिसके अन्तर्गत राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के इन दोनों प्रतिष्ठित स्कूलों की सभी शाखाओं के बच्चे खो खो विश्वकप में दर्शक दीर्धा में बैठकर मैचों का मुफ्त में लुत्फ उठा पायेंगे।

## ब्रिगेडियर उस्मान एसपीपीआर अंतर जिला तहसील क्रिकेट टूर्नामेंट 2024 में चैंपियनशिप ट्रॉफी जीती

**नौशेरा। एजेंसी**



व्हाइट नाइट कोर के तत्वाधान में आयोजित ब्रिगेडियर उस्मान एसपीपीआर अंतर जिला तहसील क्रिकेट टूर्नामेंट 2024 का समापन ब्रिगेडियर उस्मान क्रिकेट स्टेडियम नौशेरा में भव्य समापन समारोह के साथ हुआ। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य अतिथि के रूप में ऐस ऑफ स्पेड डिवीजन के जीओसी ने की जिसमें कमांडर टिथवाल ब्रिगेड, कमांडर नौशेरा ब्रिगेड, डीसी राजौरी और अन्य प्रमुख स्थानीय नेताओं सहित सम्मानित गणमान्य व्यक्ति शामिल थे। इस समारोह में खेल भावना और एकता को बढ़ावा देने में टूर्नामेंट की सफलता का जश्न मनाया गया और साथ ही क्षेत्र की अपार क्रिकेट प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया गया।

सुंदरबनी और पुंछ के बीच रोमांचक फाइनल कौशल और दृढ़ संकल्प का नजारा था। पुंछ ने चैंपियनशिप ट्रॉफी और 4 लाख का नकद पुरस्कार जीतकर जीत हासिल की। उपविजेता सुंदरबनी को 2 लाख का पुरस्कार दिया गया। सुंदरबनी के महबूब शेख को उनके बेहतरीन ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। सुंदरबनी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और 20 ओवर में 138 रन का प्रभावशाली स्कोर बनाया। पुंछ ने प्रतिस्पर्धी स्कोर के बावजूद 16.3 ओवर में 7 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। सुंदरबनी के लिए मेहराब मीर ने 92 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर के रूप में चमक बिखेरी जबकि पुंछ के महबूब शेख ने 2 विकेट लेकर और पुंछ के लिए 35 महत्वपूर्ण रन बनाकर उल्लेखनीय प्रयास किया जिससे वे चैंपियनशिप जीतने में सफल रहे।

टूर्नामेंट में उत्कृष्ट व्यक्तिगत प्रदर्शन के लिए पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। सीरीज के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बिलाल अहमद को मोटरसाइकिल से सम्मानित किया गया। सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज बिलाल अहमद को 25,000 का पुरस्कार दिया गया। सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज मोहम्मद आरिफ को 25,000 का पुरस्कार दिया गया। मैन ऑफ द मैच महबूब शेख को 15,000 का पुरस्कार दिया गया। ब्रिगेडियर उस्मान एसपीपीआर अंतर जिला/तहसील क्रिकेट टूर्नामेंट का यह पहला संस्करण एक ऐतिहासिक आयोजन था जिसमें आठ जिला/तहसील टीमें- उधमपुर, अखनूर, सुंदरबनी, रियासी, नौशेरा, राजौरी, पुंछ और डोडा एक साथ आई थीं। लीग-कम-नॉकआउट आधार पर आयोजित इस टूर्नामेंट में क्षेत्र में सबसे बड़ा पुरस्कार पूल था जिसकी कुल राशि 20 लाख थी। इस टूर्नामेंट ने उल्लेखनीय सफलता हासिल की जिसमें फेसबुक और यूट्यूब जैसे विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक प्लेटफॉर्म पर लाइव-स्ट्रीम किए गए मैचों को 50 लाख से अधिक दर्शकों ने देखा।

## व्यापार

## दबाव में स्टॉक मार्केट ने 4 सप्ताह की बढ़त गंवाई निवेशकों को 18.31 लाख करोड़ का नुकसान

**नई दिल्ली। एजेंसी**

पिछले कारोबारी सप्ताह के दौरान आई गिरावट के कारण भारतीय शेयर बाजार ने चार सप्ताह की सारी बढ़त गंवा दी। इस सप्ताह बिकवाली का दबाव इतना अधिक था कि घरेलू शेयर बाजार ढाई साल की सबसे बड़ी साप्ताहिक गिरावट के साथ बंद हुआ। शुक्रवार को खत्म हुए सप्ताह के दौरान बीएसई का सेंसेक्स 4,091.53 अंक यानी 4.98 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ। इसी तरह निफ्टी ने 1,180.80 अंक यानी 4.76 प्रतिशत टूट कर पिछले सप्ताह के कारोबार का अंत किया था। इस जोरदार गिरावट के कारण निवेशकों को सिर्फ 5 दिन के कारोबार में ही 18.31 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो गया।



शेयर बाजार में 16 से 20 दिसंबर के बीच कारोबार सप्ताह के दौरान बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का लार्जकैप इंडेक्स 5 प्रतिशत की साप्ताहिक गिरावट के साथ बंद हुआ। इस इंडेक्स में शामिल कंपनियों में से अडाणी ग्रीन एनर्जी, एलटी माइंडट्री, सिमेंस, जिओ फाइनेंशियल सर्विसेज, एबीबी इंडिया, हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स और पावर फाइनेंस कारपोरेशन के शेयरों में 10 प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गई। बीएसई के मिडकैप इंडेक्स में भी 20 दिसंबर को खत्म हुए सप्ताह के दौरान ओवरऑल 3 प्रतिशत की साप्ताहिक गिरावट दर्ज की गई। मिडकैप इंडेक्स में शामिल कंपनियों में से पीरामल एंटरप्राइजेज, टॉरेंट पावर, देल्हीवेरी, एलएंडटी टेक्नोलॉजी सर्विसेज, फिनिक्स मिल्स, बैंक ऑफ इंडिया, एसीसी, कमिंस इंडिया, फेडरल बैंक, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक, एनएमडीसी, एस्कॉर्ट्स क्यूबोटा और यूपीएल के शेयर 8 से 12 प्रतिशत की साप्ताहिक कमजोरी के साथ बंद हुए। दूसरी ओर जनरल इंश्योरेंस कॉरपोरेशन आफ इंडिया, न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी, ओबेरॉय रियल्टी, गोदरेज इंडस्ट्रीज, गो डिजिट जनरल इंश्योरेंस और स्टार हेल्थ एंड एलाइड इंश्योरेंस कंपनी के शेयरों में 4 से 16 प्रतिशत तक की मजबूती दर्ज की गई। मिडकैप की तरह ही बीएसई का स्मॉलकैप इंडेक्स भी सोमवार से शुक्रवार के कारोबार के बाद ओवरऑल 3 प्रतिशत की साप्ताहिक कमजोरी के साथ बंद हुआ।

### सर्राफा बाजार में लौटी तेजी, सोना और चांदी की बढ़ी चमक

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में रविवार के दिन तेजी का रुख नजर आ रहा है। सोना 600 रुपये से 650 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है। सोने की कीमत में उछाल आने के कारण देश के ज्यादातर सराफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 77,600 रुपये से लेकर 77,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी 71,150 रुपये से लेकर 71,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। सोने की तरह ही चांदी भी 1 हजार रुपये प्रति किलोग्राम तक महंगा हुआ है। कीमत में आई इस तेजी के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में इसकी कीमत 91,500 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर आ गई है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 77,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 71,150 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 77,450 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## एफपीआई दिखे बिकवाल की भूमिका में, पिछले सप्ताह स्टॉक मार्केट से 976 करोड़ रुपये निकाले

**नई दिल्ली। एजेंसी**

16 से 20 दिसंबर तक के कारोबारी सप्ताह के दौरान विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) एक बार फिर सेलर (बिकवाल) की भूमिका में नजर आए। इसके पहले लगातार दो सप्ताह तक विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक बायर (लिवाल) बने हुए थे। इस सप्ताह एफपीआई ने बिकवाली करके भारतीय शेयर बाजार से 976 करोड़ रुपये की निकासी की। माना जा रहा है कि डॉलर इंडेक्स की मजबूती और अमेरिका में 10 साल के बॉन्ड यील्ड की तेजी के कारण विदेशी निवेशको ने दुनिया के दूसरे स्टॉक मार्केट्स की तरह ही भारतीय स्टॉक मार्केट से भी पैसों की निकासी की है। नेशनल सिक्योरिटी डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) के अनुसार




विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने इस सप्ताह की शुरूआत लिवाल के रूप में ही की थी। सप्ताह के पहले दो दिन विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने 3,126 करोड़ रुपये की खरीदारी की, लेकिन तीसरे दिन से उनके रुख में बदलाव आ गया। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने सप्ताह के अगले तीन दिन के दौरान 4,102 करोड़ रुपये की बिकवाली कर दी। लिवाली और बिकवाली को मिला कर 16 से 20 दिसंबर तक के कारोबारिक सप्ताह के दौरान विदेशी निवेशकों ने कुल 976 करोड़ रुपये की निकासी कर ली।

हालांकि, दिसंबर महीने के दौरान विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों का ओवरऑल रुख पॉजिटिव बना हुआ है। दिसंबर के पहले और दूसरे कारोबारी सप्ताह के दौरान विदेशी निवेशक लगातार खरीदारी करते रहे थे। इस खरीदारी के कारण इस महीने अभी तक लिवाली और बिकवाली मिला कर एफपीआई ने घरेलू शेयर बाजार में 21,789 करोड़ रुपये का निवेश किया है। इससे पहले नवंबर के महीने में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार से 21,612 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की थी। इसी तरह अक्टूबर के महीने में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने 94,017 करोड़ रुपये की रिकॉर्ड निकासी की थी।

## संक्षिप्त खबरें

### हत्या का आरोप, जांच में जुटी पुलिस

**हरिद्वार।** एक युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मामला लक्सर कोतवाली क्षेत्र का है। दरअसल, लक्सर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भोगपुर स्थित श्रीबालाजी स्टोन क्रेशर में जॉनी (22) पुत्र धीर सिंह निवासी पंडितपुरी लक्सर मुंशी के पद पर कार्य करता था। जॉनी रात-दिन स्टोन क्रेशर पर ही रहता था। पुलिस के अनुसार बीती देर रात जॉनी का शव फांसी के फंदे पर झूलता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतारा और कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### हत्या के आरोप में एक आरोपी गिरफ्तार

**सोनीपत।** सोनीपत में अपनी पहली सास का सिर काटकर हत्या करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी नानूराम ने अपनी पूर्व सास चव्वनी देवी का सिर काटकर पूर्व पत्नी के प्रेमी को थैले में डालकर दे दिया था। सेक्टर-27 थाना के अंतर्गत 13 दिसंबर को ऑटो मार्केट की खाली जगह पर महिला का सिर कटा शव मिला था। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने पाया कि करीब 50 वर्षीय महिला का धड़ पड़ा हुआ था, लेकिन सिर गायब था। महिला ने साड़ी पहनी हुई थी। एफएसएल की टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए थे।

### लखनऊ में दो जगहों पर लगी आग

**लखनऊ।** जिले में दो अलग-अलग जगहों पर आग लगी है। आग में ऑफिस जलकर स्वाहा हो गया है। किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। पहली घटना बीबीडी यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर के घर के यहां की है। बीबीडी यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर डॉ डीएस राय का घर गोमतीनगर क्षेत्र के विनय खंड में है। रविवार की सुबह उनके बेसमेंट में बने ऑफिस में आग लग गई। सूचना पर पहुंची फायर बिग्रेट टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग से ऑफिस का सारा सामान जलकर स्वाहा हो गया है। घटना से किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है।

### झोपड़ी में आग लगने से दादा और दो मासूम पोतियों की जिंदा जलकर मौत

**शिवपुरी।** मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिले में शनिवार देर रात झोपड़ी में आग लगने से तीन लोग जिंदा जल गए। मृतकों में एक 65 साल के बुजुर्ग और दो मासूम बच्चियां शामिल हैं। बताया जा रहा है कि यह लोग ठंड से बचने के लिए झोपड़ी में अलाव जलाकर सोए थे। अलाव से आग झोपड़ी में फैल गई और इसमें सो रहे तीनों लोगों की मौत हो गई। ये सभी बंजारा समाज के बताए जा रहे हैं। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### प्रशिक्षु सिपाही की गोली लगने से मौत

**श्रीनगर।** मनिगाम में प्रशिक्षण ले रहे एक पुलिसकर्मी की मध्य कश्मीर के गांदरबल जिले में गोली लगने से मौत हो गई। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि प्रशिक्षु को पुलिस ट्रेनिंग स्कूल मनिगाम में कथित तौर पर संतरी की राइफल से गोली लगी थी। अधिकारी ने कहा कि जांच चल रही है कि यह घटना कैसे हुई. मृतक मनिगाम पुलिस प्रशिक्षण स्कूल में बीआरटीसी प्रशिक्षण ले रहा था।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव से अटॉर्नी जनरल ऑफ इंडिया आर. वेंकटरमानी ने की भेंट



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से रविवार को अटॉर्नी जनरल ऑफ इंडिया आर. वेंकटरमानी ने मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पुष्प-गुच्छ और शॉल भेंट कर वेंकटरमानी का अभिवादन किया। साथ ही स्मृति चिन्ह के रूप में राजा भोज की प्रतिमा भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अटॉर्नी जनरल ऑफ इंडिया को प्रदेश में संचालित जन-कल्याणकारी गतिविधियों और क्रियान्वित की जा रही विकास परियोजनाओं की जानकारी दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश में विधिक सहायता और विधिक जागरूकता के लिए संचालित गतिविधियों से भी अवगत कराया। इस अवसर पर मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा उपस्थित थे।

### तेज रफ़्तार लोडर ने बाइक में मारी टक्कर

**रायबरेली।** तेज रफ़्तार लोडर की टक्कर से बाइक सवार तीन लोगों की मौत हो गई। हादसा शनिवार की देर रात का है, जब एक ही बाइक पर सवार दंपत्ति सहित एक महिला कहीं जा रहे थे और सामने से आ रही लोडर ने उन्हें टक्कर मार दी। लोडर का चालक मौके से फरार हो गया। गदागंज थाना क्षेत्र के हरदो निवासी अशोक (50) अपनी पत्नी लीला (45) अपने छोटे भाई की पत्नी कविता(30) के साथ एक बाइक से कहीं जा रहे थे।जैसे ही वह लालगंज-ऊंचाहार मार्ग पर गदागंज थाना क्षेत्र में कुरौली बुधकर गांव के पास पहुंचे।

# मप्र में मिलेट्स उत्पादन को किया जाए प्रोत्साहित : डॉ. मोहन

## कृषि विशेषज्ञों के साथ मिलकर कार्य-योजना बनाने के निर्देश

- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कृषि विभाग की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश
- कृषकों को नवीन कृषि तकनीक, उन्नत बीज, उपयुक्त उर्वरक और कीटनाशक के संबंध में मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाए



**भोपाल। एजेंसी**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशा के अनुरूप प्रदेश में मोटे अनाज अर्थात मिलेट्स के उत्पादन को प्रोत्साहित करने के लिए कृषि विशेषज्ञ और विभागीय अधिकारियों की समिति बनाकर कार्य-योजना विकसित की जाए। समिति में कृषक प्रतिनिधियों को भी अनिवार्यतः शामिल किया जाए। यह निर्देश मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रविवार को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में कृषि विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान दिए।

**कृषकों की आय में होगी वृद्धि**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मोटे अनाजों के उत्पादन से फसल लेने की लागत में कमी आएगी और कृषकों की आय में वृद्धि होगी। यह पहल किसानों के सामाजिक आर्थिक स्तर में सुधार लाने और खेती को लाभ के व्यवसाय के रूप में स्थापित करने में सहायक होगी।

**उत्पादन बढ़ाने कृषकों का करें सहयोग**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में तिलहन और दालों के उत्पादन को बढ़ाने के लिए भी कृषकों को प्रेरित किया जाए। इसके लिए कृषकों को नवीन कृषि तकनीक, उन्नत बीज, उपयुक्त उर्वरक और कीटनाशक के संबंध में मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाए। बैठक में जानकारी दी गई की प्रदेश में धान का क्षेत्राच्छादन साधन 36 लाख 33 हजार हेक्टर क्षेत्र में है और उपार्जन के लिए 7 लाख 76 हजार किसान पंजीकृत हैं। बैठक में मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## बाबा साहेब डॉ. भीमराव आम्बेडकर दलितों के भगवान : गिरीश चंद्र



**मुरादाबाद। एजेंसी**

गृहमंत्री अमित शाह ने संविधान निमार्ता बाबा साहेब डॉ. भीमराव आम्बेडकर का अपमान करके गलत किया है। बाबा साहेब दलित, वंचित, शोषित वर्ग के भगवान हैं।

यह बातें हाल ही में बसपा से निष्कासित हुए संसदीय दल के पूर्व नेता गिरीश चंद्र जाटव ने रविवार को पत्रकारवार्ता कर कही। पूर्व सांसद गिरीश चंद्र जाटव ने कहा कि गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा शायद यह भूल गई है कि 2014 में केंद्र में दलित समाज की वजह से ही उन्हें पूर्ण बहुमत की सत्ता चलाने का प्रथम अवसर प्राप्त हुआ था। बाबा साहेब के कारण ही आज दलित, वंचित, शोषित वर्ग को समाज में सम्मानजनक स्थान प्राप्त हुआ है। उन्होंने दलित, शोषित समुदाय के लिए संविधान में कई बिंदुओं को शामिल किया। जाटव ने आगे कहा कि हम प्रधानमंत्री से मांग करते हैं कि अमित शाह को गृहमंत्री के पद से बर्खास्त कर दें। जो व्यक्ति बाबा साहब का सम्मान नहीं कर सकता, उसको मंत्रिमंडल में स्थान देना गलत है।

### तालाब में मिला लापता युवक का शव

**सोनभद्र।** राबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र में रविवार की सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब तीन दिन से लापता युवक का शव तालाब में उतराता हुआ मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर घटना की जांच शुरू कर दी है। अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह ने रविवार को बताया कि 19 दिसंबर को बसौली गांव निवासी शंभू सिंह ने लिखित तहरीर देकर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसने बताया था कि उसका छोटा भाई रिंकू प्रजापति (24) अपने दो दोस्तों के साथ मछली पकड़ने के लिए घर के पास बघुआरी तालाब पर गया था। उसके बाद शाम को वह गांव के ही रामवृक्ष बैगा के साथ उरमौरा गया, जहां से देशी शराब लेकर आया और गांव वापस आकर कुछ लोगों के साथ बैठकर शराब पी। शराब पीने के दौरान उनमें विवाद हो गया और तब से उसका भाई लापता है। पुलिस ने इस मामले में ग्रामीणों के साथ मिलकर तलाश करने का प्रयास किया। उसका पता नहीं चल सका। रविवार की सुबह कुछ लोगों ने बघुआरी गांव के तालाब में एक शव देखा। घटना की जानकारी पुलिस को दी।

## बीएचयू की पहल : किसानों के पशुधन को मिली नई जिंदगी



**मीरजापुर। एजेंसी**

किसानों के पशुधन को स्वस्थ और उत्पादक बनाने के उद्देश्य से बीएचयू के राजीव गांधी साउथ कैंपस के पशु चिकित्सा विज्ञान विभाग और एनआईसीआरए परियोजना ने दांती गांव में पशु स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में 50 से अधिक किसानों ने भाग लिया, और 200 से अधिक पशुओं का इलाज किया गया।

किसानों को कृमिनाशक दवाइयां, खनिज मिश्रण और पशु स्वास्थ्य से संबंधित अन्य आवश्यक उत्पाद वितरित किए गए। शिविर का उद्देश्य किसानों को उनके पशुओं के स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और बेहतर उपचार सेवाएं उपलब्ध कराना था। डॉ. अनुपम नेमा और सुधीर राजपूत के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में बीएचयू के विशेषज्ञ डॉ. प्रिय रंजन कुमार, डॉ. विनोद कुमार, और डॉ. क्रुति देबनाथ ने किसानों को पशुपालन, स्वच्छता, और बीमारियों की रोकथाम के तरीकों पर जानकारी दी।

यह पहल किसानों के लिए एक नई आशा लेकर आई है, जिससे उनके पशु स्वस्थ और अधिक उत्पादक होंगे। शिविर में दी गई सेवाएं और जानकारी किसानों को लंबे समय तक लाभान्वित करेंगी।

## परिवार के पालन के साथ धरती का कर्ज उतारने का प्रयास करें युवा विद्यार्थी : मदन




**बीकानेर। एजेंसी**

राजकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज के पूर्व विद्यार्थियों की 14वीं एल्युमिनी मीट आयोजित हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिक्षा मंत्री तथा महाविद्यालय के पूर्व विद्यार्थी मदन दिलावर थे। इस दौरान खाजूवाला विधायक डॉ. विश्वनाथ मेघवाल और बीकानेर (पश्चिम) विधायक जेठानंद व्यास मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिक्षा मंत्री दिलावर ने कहा कि वे इस धरती के ऋणी हैं। उन्होंने इस रज में शिक्षा पाई और इसके कारण आज एक मुकाम हासिल किया है। उन्होंने पुनर्मिलन की परम्परा को बनाए रखने के लिए आयोजकों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि वर्ष 1963 के पहले बैच से लेकर सभी पूर्व विद्यार्थियों के जीवन से प्रेरणा मिलती रही। शिक्षा मंत्री ने युवा विद्यार्थियों का आह्वान करते हुए कहा कि वे परिवार के पालन के साथ धरती का कर्ज उतारने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि राजस्थान विविधताओं से भरा प्रदेश है। प्रत्येक क्षेत्र की अपनी भौगोलिक स्थिति है। विषमताओं में रहने वाले सभी लोगों को साथ लेकर चलने का आह्वान किया और कहा कि ऐसे लोगों का यथासंभव सहयोग किया जाए।

**गुरुजनों के पैर छू शिक्षा मंत्री दिलावर ने लिया आशीर्वाद**

महाविद्यालय में पहुंचने पर शिक्षा मंत्री ने कॉलेज के अपने गुरुजनों प्रो. नत्था सिंह और प्रो. सुखराज दहिया के पैर छूकर उनका आशीर्वाद लिया। शिक्षा मंत्री ने महाविद्यालय के पूर्व विद्यार्थियों के परिचय सहित विभिन्न उपलब्धियों से जुड़ी स्मारिका का विमोचन किया। उन्होंने महाविद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों को समिति की ओर से दी गई राशि प्रदान की। इससे पहले पूर्व विद्यार्थियों ने एक-दूसरे का परिचय दिया तथा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। नव्या भटनागर ने भवई नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी। इस दौरान पूर्व विद्यार्थियों का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम में वर्ष 1963 के पहले बैच के साथ पूर्व विद्यार्थी सहित लगभग सभी बैच के पूर्व विद्यार्थी मौजूद रहे।

## प्रदेश की आर्थिक स्थिति बिगाड़ने के लिए कांग्रेस सरकार जिम्मेदार: डॉ. राजीव



**शिमला। एजेंसी**

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं शिमला सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज ने कांग्रेस सरकार पर हिमाचल प्रदेश की अर्थव्यवस्था को चौपट करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की आर्थिक स्थिति को खराब करने के लिए कांग्रेस पार्टी और उसके नेता जिम्मेदार हैं। उन्होंने विधानसभा में कांग्रेस नेताओं के जवाबी प्रश्नों से बचने और जनता को गुमराह करने का आरोप भी लगाया है। डॉ. भारद्वाज ने रविवार को एक बयान में कहा कि कांग्रेस नेताओं के तर्कों और बयानबाजी से यह साफ नजर आता है कि उनकी सरकार हिमाचल के विकास में कोई ठोस कदम नहीं उठा रही। विशेष रूप से मुख्यमंत्री के सुप्रीम कोर्ट जाने की घोषणा को लेकर उन्होंने सवाल उठाया और कहा कि यह कदम क्यों उठाया जा रहा है, यह समझ से बाहर है। सांसद ने प्रदेश के स्वास्थ्य ढांचे पर भी चिंता जताते हुए कहा कि हिमाचल के अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में चिकित्सकों की भारी कमी है। प्रदेश में नौ से 56 प्रतिशत तक चिकित्सकों की कमी पाई गई है। शिमला के इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज से लेकर जिला अस्पतालों तक, विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी गंभीर समस्या बन चुकी है। चंबा और सिरमौर जिलों में चिकित्सकों की सबसे अधिक कमी है जो 42 प्रतिशत तक बताई जा रही है। यह खुलासा विधानसभा में नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की 2022-23 की रिपोर्ट में हुआ है।

इसके अतिरिक्त डॉ. भारद्वाज ने कहा कि कैग रिपोर्ट के मुताबिक, राज्य के अस्पतालों में लाखों रुपये के उपकरणों की खरीद के बावजूद उनका उचित उपयोग नहीं हो रहा है क्योंकि स्टाफ की कमी है। आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी के नेता आंकड़ों को मनगढ़ंत बताने की कोशिश करेंगे, लेकिन यह रिपोर्ट वास्तविक और सरकार द्वारा प्रस्तुत की गई है। भाजपा नेता ने प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं की खामियों का खुलासा करते हुए बताया कि कैग रिपोर्ट में यह सामने आया है कि 18 स्वास्थ्य संस्थानों में सात बिना लाइसेंस एक्सरे सुविधा के चल रहे थे।

## फसलों के नुकसान से पीड़ित जोधपुर के किसानों को मिले मुआवजा : गहलोत



**जयपुर। एजेंसी**

जोधपुर में बीते साल मार्च माह में तेज अंधड़ की बेमौसम बरसात और ओलावृष्टि से रबी सीजन की फसलों में बड़ा नुकसान हुआ है। इस नुकसान की भरपाई अभी तक न होने पर कांग्रेस के बड़े नेता अशोक गहलोत एक बार फिर सक्रिय हुए हैं। अशोक गहलोत ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर रविवार को राजस्थान के सीएम भजनलाल शर्मा से अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि सीएम भजनलाल इस राशि को जल्द से जल्द जारी करवाकर किसानों को राहत दिलवाएं।

किसानों के हक का मुद्दा उठाते हुए अशोक गहलोत ने लिखा कि 2023 में जोधपुर में हुई अतिवृष्टि से फसल खराब हुई थी। उस समय गिरदावरी करवाकर फसल खराबे का 80 फीसदी क्लेम एवं खाद-बीज की राशि देना तय हुआ था। लेकिन, आचार संहिता के कारण बीमा क्लेम राशि किसानों को नहीं मिल सकी। करीब एक वर्ष बीत जाने के बाद भी यह राशि किसानों को नहीं मिली है। मुख्यमंत्री से निवेदन है कि इस राशि को जल्द से जल्द जारी करवाकर किसानों को राहत दिलवाएं। जोधपुर में बीते साल मार्च माह में तेज अंधड़ की बेमौसम बरसात और ओलावृष्टि से रबी सीजन की फसलों में बड़ा नुकसान हुआ है। जोधपुर में चार मार्च को विभिन्न गांवों में ओलावृष्टि हुई थी। जिले में रबी सीजन के दौरान छह लाख हैक्टेयर में फसल की बुवाई हुई थी।


### छह टन से ज्यादा खैर की लकड़ी पकड़ी

**चित्तौड़गढ़।** चित्तौड़गढ़ जिले में वन क्षेत्र से लगातार खैर की लकड़ी की तस्करी की सूचना मिलने पर चित्तौड़गढ़ वन रेंज की टीम ने शनिवार देर रात्रि घटियावली क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए 6 टन से अधिक खैर की लकड़ी जप्त की है। इस मामले में तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा तस्करी के काम में आने वाले चार वाहनों को भी जब्त किया है। वन विभाग की ओर से वन क्षेत्र में निगरानी की जा रही थी तब उस क्षेत्र में पैंथर का मूवमेंट भी हुआ था। इससे टीम थोड़ा सतर्क हो गई। इसके बारे में जानकारी देते क्षेत्रीय वन अधिकारी राजेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि चित्तौड़गढ़ वन क्षेत्र में लगातार खैर की लकड़ी की तस्करी की सूचना प्राप्त हो रही थी। इसमें लगातार वन विभाग की टीम की ओर से निगरानी की जा रही थी। मुखबिर की सूचना के आधार पर उपवन संरक्षक के निर्देशन में वन विभाग की टीम ने शनिवार देर रात्रि घटियावली वन क्षेत्र में खैर के पेड़ को काटते हुए तस्करों पर बड़ी कार्रवाई की है। इसमें मौके से तीन आरोपितों को पकड़ा है।

**पर्यटक** पहाड़ों की रानी मसूरी में नए साल की तैयारियां चरम पर

# पर्यटकों का स्वागत करने को तैयार 'क्वीन ऑफ हिल्स'

- भीड़ प्रबंधन के लिए पुलिस बल और होमगार्ड की अतिरिक्त टीमें तैनात की गई हैं




**देहरादून। एजेंसी**

नए साल का जश्न मनाने के लिए पहाड़ों की रानी मसूरी पर्यटकों का स्वागत करने को पूरी तरह तैयार है। होटल, कैफे और पर्यटन स्थल रोशनी और सजावट से जगमगा रहे हैं। जिला प्रशासन, स्थानीय व्यापारी और होटल व्यवसायी पर्यटकों को एक यादगार अनुभव देने के लिए विशेष इंतजाम कर रहे हैं। मसूरी इस बार भी अपने मेहमानों के लिए खास यादें लेकर तैयार है। नए साल के इस खास मौके पर यहां का हर कोना उत्साह और उमंग से भरा नजर आएगा। जिलाधिकारी सविन बंसल ने कहा कि मसूरी में नए साल के जश्न को सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने के लिए सभी इंतजाम किए गए हैं। पर्यटकों से अनुरोध है कि यातायात और स्वच्छता के नियमों का पालन करें।

पर्यटकों का बढ़ता उत्साह मसूरी में हर साल नए साल के मौके पर हजारों पर्यटक आते हैं। इस बार भी बड़ी संख्या में लोग बर्फबारी का आनंद लेने और नए साल का जश्न मनाने की उम्मीद में मसूरी का रुख कर रहे हैं। होटल और गेस्ट हाउस लगभग पूरी तरह से बुक हो चुके हैं। कैम्पटी फॉल, गन हिल और माल रोड जैसे लोकप्रिय स्थलों पर पर्यटकों की भीड़ देखी जा रही है।

सुरक्षा और यातायात के विशेष प्रबंध जिला प्रशासन ने पर्यटकों की भीड़ को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को चाक-चौबंद कर दिया है। भीड़ प्रबंधन के लिए पुलिस बल और होमगार्ड की अतिरिक्त टीमें तैनात की गई हैं। माल रोड और अन्य प्रमुख क्षेत्रों में वाहन पार्किंग के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। अधिकारियों ने पर्यटकों से अपील की है कि वे वाहनों को निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही खड़ा करें और शहर की स्वच्छता बनाए रखें।

होटल और रेस्तरां की तैयारियांमसूरी के होटल और रेस्तरां ने पर्यटकों को लुभाने के लिए विशेष ऑफर और कार्यक्रम तैयार किए हैं। कई होटलों में नए साल की रात लाइव म्यूजिक और थीम पार्टी का आयोजन किया जा रहा है। कैफे और रेस्तरां में उत्तराखंड के पारंपरिक व्यंजन और कॉन्टिनेंटल डिशेस का खास इंतजाम किया गया है। बर्फबारी का इंतजारपर्यटक इस समय मसूरी में संभावित बर्फबारी का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार, नए साल के आसपास हल्की बर्फबारी हो सकती है, जिससे जश्न का मजा दोगुना होने की संभावना है।

## सत्ता पक्ष ने खुद की धक्का मुक्की, एफआईआर राहुल पर : सैलजा



**फतेहाबाद। एजेंसी**

पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा का लोकतंत्र और संविधान में कोई विश्वास नहीं रहा है। भाजपा दलित, किसान और नागरिक विरोधी है। सरकार आंदोलनरत किसानों से बातचीत करने के बजाए उन पर कहर बरपा रही है। रविवार को फतेहाबाद में पत्रकारों से बातचीत करते हुए सांसद सैलजा ने कहा कि संसद परिसर में शांतिपूर्ण प्रदर्शनर कर रहे कांग्रेस सांसदों के साथ भाजपा सांसदों ने धक्का मुक्की की और उल्टा एफआईआर राहुल गांधी के खिलाफ ही दर्ज करवा दी यानि उल्टा चोर कोतवाल को डाटे। लोकसभा अध्यक्ष को इस पर संज्ञान लेते हुए कार्रवाई करनी चाहिए क्योंकि भाजपा सांसदों ने उनके ही निर्देश का पालन नहीं किया। सांसद राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज किए जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि हम विपक्ष में है और विपक्ष का काम ही जनहित से जुड़े मुद्दों को उठाना होता है। संसद परिसर में पहले भी विरोध प्रदर्शन होते है जब स्पीकर ने निर्देश जारी किए कि सीढियों पर खड़े होकर कोई प्रदर्शन नहीं होगा।

